हरिभूमि
# रायपुर भूमि




# होली में वाहन चलाते धरे गए 200 पियक्कड़, गाड़ी छुड़ाने खूब की मिन्नतें, पुलिस के पांव भी पकड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

होली पर्व के दौरान एक्सीडेंट तथा किसी भी तरह की अप्रिय घटना को रोकने शहर में 50 से ज्यादा स्थानों पर फिक्स पाइंट लगाकर पुलिस ने जांच की। इस दौरान पुलिस तथा ट्रैफिक अमले ने अलग-अलग जगहों पर कार्रवाई करते हुए दो सौ से ज्यादा ड्रंक एंड ड्राइव के केस दर्ज कर वाहनों को जब्त कर थानों में खड़ा करा दिया। साथ ही पुलिस ने चार सौ के करीब ट्रिपल सवारी तथा तेज रफ्तार वाहन चलाने के मामले भी दर्ज किए हैं।

**कोर्ट में आज चालान पेश करेगी पुलिस**



पुलिस ने ड्रंक एंड ड्राइव के मामले में जो वाहन जब्त किए हैं, उनका सोमवार को कोर्ट में चालान पेश किया जाएगा। साथ ही ट्रिपल सवारी तथा लापरवाही से वाहन चलाने के जितने भी मामले पुलिस ने दर्ज किए हैं, उन वाहनों के मालिकों को जुर्माना वसूलने के बाद थाने से छोड़ दिया। ड्रंक एंड ड्राइव के चलते पुलिस की कई वाहन चालकों के साथ विवाद की स्थिति भी निर्मित हुई। वहीं पियक्कड़ वाहन चालक पुलिस से वाहन छोड़ने हाथ-पांव जोड़ते दिखाई दिए।

**ड्रंक एंड ड्राइव के ऐसे भी नजारे**

### कार्रवाई से बचने ऐसे किए उपाय

तेलीबांधा थाने के सामने पुलिस ने एक कार को रोका, कार में पांच लोग सवार थे। कार सवारों का पुलिस ने ब्रीथ एनॉलाइजर से जांच की तो उनमें से चार नशे की हालत में टुन्न मिले। कार चालक नशे की हालत में नहीं था। कार सवार पांचों आपस में दोस्त थे। पूछताछ करने पर कार सवार लड़कों ने बताया कि ड्रंक एंड ड्राइव से बचने कार चलाने वाले को शराब पीने से रोका गया। किसे शराब पीने से रोका जाए, इसके लिए दोस्तों ने आपस में टॉस करके निर्णय लिया।

### गाड़ी जब्त करने के बजाय मुझे जेल भेज दो

मरीन ड्राइव के पास पुलिस वाहनों की जांच कर रही थी। इस दौरान एक दोपहिया पर दो लड़के सवार थे, उन्हें रोका गया। ब्रीथ एनॉलाइजर जांच में शराब पीकर वाहन चलाने की पुष्टि होने के बाद पुलिस ने बाइक जब्त कर ली। इस दौरान बाइक सवार लड़के पहले तो पुलिस से कार्रवाई नहीं करने हाथ-पांव जोड़ने लगे। पुलिस कार्रवाई करने पर अड़ी रही, इस दौरान दोनों बाइक जब्त करने के साथ खुद की गिरफ्तारी की मांग करने लगे। मौके पर उपस्थित पुलिस अफसर ने लड़कों को फटकार लगाई, तब लड़के दोपहिया छोड़ पैदल घर के लिए रवाना हुए।

### जमीन पर लोटकर रोने लगा

जयस्तंभ चौक के पास पुलिस ने एक नाबालिग को बाइक पर ट्रिपल सवारी के चलते रोक लिया और बाइक जब्त करने की कार्रवाई शुरू की, इस दौरान नाबालिग ने कार्रवाई से बचने अपने ⏭ शेष पेज 11 पर

## खबर संक्षेप

### लेन-देन के विवाद पर दो पक्षों में मारपीट

**रायपुर।** राजेंद्र नगर थाने में दो पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ लेन-देन के विवाद पर मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। चंचल शर्मा ने ओमप्रकाश साहू



तथा कमलेश साहू के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। चंचल ने पुलिस को बताया कि उसका भाई दुकान में सामान खरीदने गया था। इस दौरान ओमप्रकाश ने चंचल के भाई पर पैसे नहीं देने का आरोप लगाते हुए कार की चाबी छीनने तथा मारपीट करने का आरोप लगाया है। ओमप्रकाश ने भी चंचल तथा उसके भाई के खिलाफ पत्थर से सिर फोड़ने का आरोप लगाया है।

### शादी-नौकरी का झांसा देकर साढ़े पांच लाख ठगे

**रायपुर।** आजाद चौक थाने में एक युवती ने एक युवक के खिलाफ शादी करने तथा एसईसीएल में नौकरी लगवाने का झांसा देकर पांच लाख 38 हजार रुपए ठगी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। रामकुंड निवासी हेमलता साहू ने मुकेश कुमार साहू के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। युवती ने बताया कि मुकेश ने उससे ऑनलाइन संपर्क कर अपने आपको एसईसीएल का कर्मचारी बताकर शादी करने प्रस्ताव दिया। साथ ही युवती को भी एसईसीएल में नौकरी लगवाने का झांसा देकर पैसे ट्रांसफर कराकर ठगी की।

### रंग खेलने के विवाद पर दो पक्ष भिड़े, केस दर्ज

**रायपुर।** कोतवाली थाने में दो पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ रंग खेलने के विवाद में मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। सिद्धार्थ चौक निवासी खेमचंद्र नागरची ने रविंद्र सिंह ठाकुर, अजय के



खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। रविंद्र ने खेमचंद्र तथा उसके अन्य साथियों के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। दोनों पक्षों ने एक दूसरे के खिलाफ जबरन रंग डालने का आरोप लगाया है।

### पुरानी रंजिश के चलते युवक को पीटा

**रायपुर।** गुढ़ियारी थाने में एक युवक ने दूसरे युवक के खिलाफ मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। गोगांव निवासी भीम पटेल ने ऋषि राज के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। भीम ने पुलिस को बताया कि ऋषि ने आपसी रंजिश के चलते उसे रास्ते में रोककर मारपीट की है।

### बीच-बचाव करने पर युवक की पिटाई

**रायपुर।** टिकरापारा थाने में एक युवक ने दूसरे युवक के खिलाफ झगड़े के दौरान बीच-बचाव करने पर मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। ईश्वर यादव ने प्रियांशु साहू के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। ईश्वर ने बताया कि प्रियांशु किसी दूसरे के साथ झगड़ा कर रहा था। वहां वह बीच-बचाव करने पहुंचा। इस बात से नाराज होकर प्रियांशु ने ईश्वर के साथ मारपीट की।

बिहार से बरामद लड़कियों से पूछताछ में हो रहा खुलासा, लड़कियों को आश्रम में रखा गया

# पिता ने ही बेच दी थीं 'नटवरलाल' को चार बेटियां, 50 हजार में हुआ था सौदा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

*बिहार, रोहतास के रेडलाइट एरिया से रेस्क्यू की गई 41 लड़कियों में चार नाबालिग रायपुर की रहने वाली हैं और चारों सगी बहनें हैं, इस बात का खुलासा पुलिस जांच में हुआ है। पूछताछ में लड़कियों ने बताया कि उनके पिता ने उन्हें बिहार के एक दलाल नटवरलाल के पास 50 हजार रुपए में चार वर्ष पूर्व बेच दिया था। लड़कियों के बयान सामने आने के बाद पुलिस नाबालिग बहनों के पिता के साथ दलाल की खोजबीन में जुट गई है।*

रोहतास पुलिस ने एक पखवाड़े पूर्व दबिश देकर छत्तीसगढ़ के अलग-अलग जिलों की 41 नाबालिग लड़कियों का रेस्क्यू किया था। इन लड़कियों को दलाल नाच-गाना कराने के एवज में हर महीने मोटी रकम का लालच देकर अपने साथ ले गए और उन्हें देह व्यापार में धकेल दिया था। लड़कियों का रेस्क्यू किए जाने के बाद एसएसपी तथा कलेक्टर के निर्देश पर महिला एवं बाल विकास के साथ पुलिस की टीम लड़कियों को लेने के लिए रोहतास रवाना हुई और 13 मार्च को सभी को रायपुर लाया गया। मामला नाबालिग लड़कियों से जुड़े होने की वजह से केस काफी ज्यादा संवेदनशील हो गया है। इसलिए पुलिस की टीम मामले की पड़ताल करने में काफी ज्यादा सतर्कता बरत रही है। रेस्क्यू की गई लड़कियों की लगातार काउंसिलिंग की जा रही है। पुलिस जानकारी जुटाने की कोशिश कर रही है कि और ऐसी कितनी नाबालिग लड़कियों को मानव तस्कर अपने साथ ले जा चुके हैं।

**हरिभूमि फॉलोअप**

### जाने के बाद लड़कियों को अपने बेचे जाने की मिली जानकारी


कचरा बीनने से घर नहीं चलता, इसलिए 9 माह के कांट्रेक्ट पर भेजीं लड़कियां
साल की कमाई लाख

### पत्नी की मौत के बाद बेटियों को बेचा

पूछताछ में लड़कियों ने रेस्क्यू टीम को बताया है कि चार वर्ष पूर्व उनकी मां की मौत हो गई थी। इसके बाद पिता ने हम पर ध्यान देना बंद कर दिया। लड़कियां अपने पिता के साथ रोड किनारे रहती थीं। सभी कचरा बीन कर अपनी रोजी-रोटी चलाते थे। इसी दौरान लड़कियों का पिता नटवरलाल के संपर्क में आया। नटवरलाल उनके पिता को मोटी कमाई का झांसा देकर चारों बेटियों को अपने साथ नाचा पार्टी में शामिल करने के बहाने बिहार ले गया। इसके एवज में नटवरलाल ने चारों बहनों के पिता को 50 हजार रुपए दिए।

### अकेले आने-जाने पर रोक


लड़कियों ने रेस्क्यू टीम को बताया कि उन्हें एक छोटे कमरे में जानवरों की तरह ठूंस-ठूंस कर रखते थे। साथ ही अकेले बाहर आने-जाने पर रोक थी। लड़कियां कहीं जाती थीं, उनके साथ नटवलाल का एक आदमी जाता था। जिन लड़कियों का फेस ठीक नहीं होता था। उन लड़कियों को रेस्टोरेंट या अन्य जगहों पर काम पर लगा दिया जाता था।

### दूसरे के साथ सोने के लिए कहा, तब पता चला

रायपुर की जिन चार लड़कियों का पुलिस ने रेस्क्यू किया है, उनमें एक की उम्र 17 वर्ष है। 17 वर्षीय नाबालिग ने रेस्क्यू टीम को बताया कि नटवरलाल ने उन्हें अपने साथ ले जाने के छह माह बाद उसे एक आदमी के पास जाने के लिए बोला। लड़की ने इंकार किया तो नटवरलाल ने उसके साथ मारपीट करते हुए लड़की को उसके बाप से खरीदकर लाने की जानकारी दी। तब चारों बहनों को अपने बेचे जाने की जानकारी मिली।

तीन दिनों तक रहे 'लू' के हालात

# छाएंगे थोड़े बादल, पर कम नहीं होंगे गर्म हवा के थपेड़े



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

इस बार होली के दौरान गर्मी ने अपना पूरा असर दिखाया और तीन दिनों तक लू के हालात प्रदेशभर में बने रहे। होली के दूसरे दिन तो गर्मी अपने चरम रही तथा सारे शहर का तापमान पांच डिग्री तक ऊपर चढ़ा रहा। रविवार को भी तापमान 40 डिग्री के इर्द-गिर्द रहा, जिसमें तीन दिन कमी आने के आसार हैं।

- मार्च के पहले पखवाड़े में तेज गर्मी, होली के दूसरे दिन रहा सबसे हाई टेम्प्रेचर
- रविवार को सामान्य से 4 डिग्री ज्यादा तापमान, तीन दिन गिरावट के आसार

मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से हल्के बादल भी छाएंगे। कुछ इलाकों में बूंदाबांदी और हल्की बारिश भी होगी, लेकिन ये गर्म हवाओं के थपेड़े पर बड़ा असर नहीं डाल पाएगी। मार्च में 40 डिग्री टेम्प्रेचर दूसरे पखवाड़े के अंतिम दिनों में असर दिखाता ⏭ शेष पेज 11 पर

### ऐसी रही चार दिन गर्मी

| शहर | 13 मार्च | 14 मार्च | 15 मार्च | 16 मार्च |
|---|---|---|---|---|
| रायपुर | 39.8 | 39.8 | 40.0 | 38.8 |
| बिलासपुर | 39.5 | 40.1 | 40.5 | 38.0 |
| पेंड्रा | 38.4 | 38.3 | 39.5 | 38.0 |
| अंबिकापुर | 36.4 | 37.1 | 38.0 | 37.0 |
| जगदलपुर | 37.8 | 38.0 | 38.6 | 38.1 |

### 20 तक मौसम नरम-गरम

मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि अगले तीन दिनों में आने वाले दो पश्चिमी विक्षोभ प्रदेश के मौसम को प्रभावित करेंगे। इनके असर से छाने वाले हल्के बादलों के प्रभाव से 20 फरवरी तक मौसम नरम-गरम रहने की संभावना है। इस दौरान दिन की तेज धूप से थोड़ी राहत तो मिल सकती है, मगर रात में उमस वाली गर्मी अपना असर दिखाएगी।

### 42 डिग्री का रिकार्ड

मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार, पिछले दस साल में अधिकतम तापमान दो बार 42 डिग्री के करीब पहुंचा है। वर्ष 2017 और 2022 में अधिकम तापमान क्रमशः 30 और 31 मार्च को दर्ज किया गया था। रायपुर में इस बार 15 मार्च को अधिकतम तापमान 40 डिग्री तक पहुंच चुका है। आने वाले दिनों में तापमान सहित गर्मी और बढ़ने की संभावना है।

# सोना पहली बार 90 हजार चांदी भी एक लाख के पार



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

सोने की कीमत नए साल में बहुत तेजी से बढ़ रही है। नए साल में ढाई माह में अब तक करीब 12 रुपए हजार रुपए दाम बढ़ चुके हैं। सोना पहली बार 90 हजार रुपए के पार हो गया है। अब कभी भी कीमत 91 हजार के भी पार हो जाएगी। इस साल सोने की कीमत एक लाख तक जाने की संभावना है। बढ़ती कीमत के कारण प्रदेश में सोने में निवेश भी लगातार बढ़ रहा है। चांदी की कीमत भी एक लाख के पार हो गई है। हालांकि बीते साल भी चांदी की कीमत एक लाख के पार गई है, लेकिन अब रिकॉर्ड कीमत हो गई है। सोने और चांदी को हमेशा से ही निवेश के लिए खरा माना जाता है। ⏭ शेष पेज 11 पर

**हरिभूमि सरोकार**

### निवेश बढ़ा, जेवरों की खरीदी घटी

सोने की कीमत में लगातार ताबड़तोड़ तेजी के कारण प्रदेश में सोने का निवेश बढ़ गया है। प्रदेश में रोज 25 करोड़ का निवेश होता है, इसमें से करीब 20 करोड़ का निवेश सोने में होता है, लेकिन अब सोने में ही रोज 25 करोड़ से ज्यादा का निवेश हो रहा है। चांदी में भी रोज पांच करोड़ से ज्यादा का निवेश हो रहा है।

### टैरिफ वार से बढ़ रही कीमत

रायपुर सराफा एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष के पूर्व अध्यक्ष हरख मालू के मुताबिक, कीमत में इजाफा होने का कारण अमेरिका के टैरिफ वार के कारण व्यापार युद्ध की संभावनाओं एवं अमेरिकी फेडरल बैंक द्वारा ब्याज दरों में कटौती की आशंकाओं के कारण सुरक्षित निवेश के चलते स्टॉकिस्ट एवं निवेशक सोने और चांदी में निवेश कर रहे हैं, इसलिए सोने और चांदी के दाम लगातार बढ़ते जा रहे हैं।

### नए साल में 78 से 90 हजार हो गए दाम

नए साल के पहले बीते 31 दिसंबर को सोने की कीमत 78400 रुपए थी। नए साल में पहले ही दिन से सोने की कीमत में इजाफा होना प्रारंभ हुआ। 1 जनवरी को कीमत 79 हजार रही। 7 जनवरी को कीमत 80 हजार पहुंची। इसके बाद एक सप्ताह में कीमत 81 हजार के पार हो गई। फिर एक सप्ताह के बाद कीमत 82 हजारी हुई और अंतिम सप्ताह में पहले कीमत 83 हजारी हुई और फिर माह के अंतिम दिन 31 जनवरी को कीमत 84150 रही। फरवरी में करीब पांच हजार दाम बढ़े और कीमत 89 हजार तक गई। इसके बाद कीमत में कमी आई और फिर अब मार्च में कीमत में तेजी आती चली जा रही है। ऐसे में अब कीमत 90 हजार के पार होकर 90600 रुपए हो गई है। इसी तरह से चांदी की कीमत एक लाख तीन हजार हो गई है।

# फिल्मी गानों पर थिरके कलेक्टर और आईजी



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

होली का पर्व शांतिपूर्वक निपटने के बाद पुलिस परिवार ने दूसरे दिन पुलिस लाइन में होली मिलन समारोह आयोजित किया। जहां पुलिस परिवार के इस आयोजन में रेंज आईजी अमरेश मिश्रा, एसएसपी डॉ. लाल उमेंद सिंह, कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह तथा पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी शामिल हुए। इस दौरान कलेक्टर, पुलिस अफसर तथा अन्य अधिकारी फिल्मी गानों तथा नगाड़े की थाप पर जमकर झूमे-नाचे। होली पर्व शांतिपूर्ण निपटने के बाद पुलिस अफसरों ने राहत की सांस ली। होली के दूसरे दिन पुलिस परिवार ने होली का आयोजन किया, जिसमें पुलिस विभाग के छोटे से लेकर बड़े अफसर तथा पुलिसकर्मी शामिल हुए। पुलिस परिवार के आयोजन में पुलिस परिवार की ⏭ शेष पेज 11 पर

- होली के दूसरे दिन पुलिस लाइन में पुलिस परिवार का होली मिलन समारोह


# 12 साल बाद...बोर्ड रिटर्न्स, इस बार छात्रों के नहीं बल्कि शिक्षकों के बदलेंगे केंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेश में 12 साल बाद पांचवी और आठवीं बोर्ड परीक्षा की वापसी हो रही है। लेकिन इन 12 वर्षों में कई चीजें बदल गई हैं। जैसे कि इस बार छात्र नहीं बल्कि शिक्षकों के केंद्र बदलेंगे। मौजूदा शैक्षणिक सत्र के पूर्व अंतिम बार सत्र 2011-12 में हुई 5वीं-8वीं की बोर्ड परीक्षा तक विद्यार्थी पर्चे हल करने दूसरे विद्यालय जाया करते थे अर्थात छात्रों को परीक्षा केंद्र अपने विद्यालय में ना देकर दूसरे विद्यालय में दिया जाता था। इस बार ऐसा नहीं है। छात्र अपने विद्यालय में ही परीक्षा दिलाएंगे, लेकिन केंद्राध्यक्ष बदले जाएंगे। केंद्राध्यक्ष निकटतम किसी विद्यालय के प्रधान पाठक, प्रभारी प्रधान पाठक अथवा वरिष्ठ शिक्षक को नियुक्त किया गया है। दोनों ही कक्षा की परीक्षाओं की शुरुआत गणित विषय से हो रही है।

जिले में शासकीय विद्यालयों में पांचवी के 19 हजार 567 तथा आठवीं के 23 हजार 666 छात्र हैं, जो आज परीक्षा दिलाएंगे। इनके अलावा सहमति देने वाले निजी विद्यालय के छात्र भी परीक्षा का हिस्सा होंगे। गौरतलब है कि पूर्व में शासकीय और निजी दोनों ही विद्यालयों के लिए केंद्रीकृत परीक्षा का आयोजन किया जाना था, लेकिन न्यायालय के आदेश पश्चात सिर्फ शासकीय विद्यालयों के लिए ही केंद्रीकृत परीक्षा आयोजित की जा रही है। जो निजी स्कूल स्वेच्छा से इसमें शामिल होना चाह रहे हैं, केवल उन्हें ही इसमें शामिल किया जा रहा है।

**पांचवी की परीक्षा आज से कल से होंगे आठवीं के पर्चे**



- थानों में रखे गए हैं प्रश्नपत्र, संकुल प्राचार्यों के जरिए भेजे जाएंगे उपकेंद्रों में
- शासकीय विद्यालयों में 5वीं के 19 हजार 567 तथा 8वीं के 23 हजार 666 छात्र

### तीन स्तर पर उड़नदस्ता

रायपुर जिले में तीन स्तर पर उड़नदस्ते की टीम बनाई गई है। इसमें संकुल स्तर, विकासखंड स्तर और जिला स्तर शामिल है। जिला शिक्षा कार्यालय के अधिकारियों के मुताबिक तीनों स्तर की टीम प्रातःकाल से ही निरीक्षण के लिए रवाना हो जाएंगी। लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा समय-सारिणी जारी किए जाने के साथ ही त्रिस्तरीय उड़नदस्ता निर्माण के लिए निर्देशित किया गया था। अंदरूनी सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार, सभी जिलों के प्रश्नपत्र पुलिस थाने में रखे गए हैं। प्रातःकाल इन्हें संकुल प्राचार्य द्वारा ले जाया जाएगा। इसके बाद उपक्रेंदों में वितरित किया जाएगा।

### पांचवी के 755 तथा आठवीं के 491 केंद्र

जिले के सभी प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। रायपुर जिले में 755 शासकीय विद्यालयों में पांचवी की तथा 491 शासकीय विद्यालयों में आठवीं कक्षा की पढ़ाई होती है। इन सभी विद्यालयों को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। परीक्षा पूर्व ही यहां बैठक व्यवस्था, पानी, प्रकाश सहित अन्य तरह की सुविधाओं का जायजा लिया जा चुका है। परीक्षा में अनुत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थियों को भी अगली कक्षा में प्रमोट करने निर्देश दिए जा चुके हैं।

# दोस्तों संग घूमने गए नाबालिग की खारुन में डूबने से मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खारुन नदी के तट पर सैर करने गए एक नाबालिग की डूबने से मौत हो गई। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है। मृतक मठपुरैना की निवासी है। वह शनिवार को अपने अन्य पांच दोस्तों के साथ खारुन नदी की तरफ घूमने के लिए निकला था। इस दौरान पीछे चल रहे

**पुलिस को आत्महत्या करने की आशंका**



नाबालिग को उसके दोस्तों ने नदी में डूबते देखा। साथ गए किसी भी दोस्त को तैरना नहीं आता था। घटना डीडीनगर थाना क्षेत्र की है।

पुलिस के मुताबिक, ओमप्रकाश अपने दोस्तों के साथ खारुन नदी के तट पर सैर करने गया था। इस दौरान वह अपने दोस्तों के साथ चलते हुए पीछे हो गया। कुछ देर बाद उसके दोस्तों ने पीछे मुड़कर देखा तो ओमप्रकाश पानी में डूब रहा था। साथ गए दोस्तों ⏭ शेष पेज 11 पर

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें
9827555678, 8224868411

## खबर संक्षेप

### उमरिया से तीन दिवसीय नामायन समारोह 18 से

**आरंग।** ग्राम पंचायत उमरिया (जरौद) में 18 से 21 मार्च तक अखंड तीन दिवसीय नामायण का आयोजन किया गया है। इस अवसर भक्तों के द्वारा बाराडेरा धाम व गिरौधपुरी धाम से कलश लाया जाएगा तथा उसे बड़े धुम धाम से आरती के साथ मंदिर तक परघाकर लाया जाएगा। तत्पश्चात गंगा स्नान के बाद पुरे गांव में प्रसाद वितरण किया जाएगा। रात्रिकालीन कार्यक्रम में सुरमयी लोक दरपन चंदन बांधे मौहगांव सिलयारी की प्रस्तुती होगी।

### करहीडीह में 19 से पांच दिनी रामायण

**आरंग।** ग्राम करहीडीह (भानसोज) में रामभरोसा मानस मंडली एवं ग्रामवासियो की संयुक्त तत्वाधान में 19 से 24 मार्च तक पांच दिवसीय रामायण समारोह का आयोजन किया गया है। यह आयोजन का 41वां वर्ष है। समारोह में भाग लेने वाले सभी मानस मंडलियों को 1005 रु. प्रोत्साहन राशि दी जाएगी।

### देवांगन समाज कोरासी का वार्षिक अधिवेशन 23 को

**आरंग।** ग्राम गुखेरा में 23 मार्च को कोरासी राज देवांगन समाज का वार्षिक अधिवेशन सुबह 09 बजे से होगा। कार्यक्रम मुख्य अतिथि गुरु खुशवंत साहेब विधायक आरंग, अध्यक्षता भगवती प्रसाद देवांगन अध्यक्ष जिला देवांगन समाज रायपुर, अति विशिष्ट अतिथि रेवती पुरुषोत्तम सोनवानी सरपंच गुखेरा, विशेष अतिथि में प्रीतम साहू जनपद सदस्य, मनोहर देवांगन सचिव जिला देवांगन समाज रायपुर, रवि देवांगन जी प्रदेश संगठन मंत्री, सह सचिव जिला रायपुर की उपस्थिति में संपन्न होगा।

### 3 संकुलों के अभिलेखों का निरीक्षण किया गया

**आरंग।** रीवा, तूता और चंपारण संकुल का अभिलेख निरीक्षण 16 मार्च को सरस्वती शिशु मंदिर तूता मे हुआ। निरीक्षण अधिकारी सुरेंद्र नशीनें सचिव ग्राम भारती जिला रायपुर, रतन चक्रधर सदस्य सरस्वती ग्राम शिक्षा समिति छत्तीसगढ़, तोषण लाल साहू सह सचिव जिला समिति रायपुर, टीकाराम धीवर पूर्व जिला समन्वयक रायपुर, मुकेश साहू सह जिला समन्वयक रायपुर ने सरस्वती माता की मूर्ति के समक्ष दीप प्रज्वलित कर दीप मंत्र और सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम प्रारंभ किया। श्री नशीने ने सभी विद्यालय से लाये गये अभिलेख की जानकारी लिए तत्पश्चात सभी विद्यालय के प्रधानाचार्य को दूसरे विद्यालय के अभिलेख का निरीक्षण करने को दिया।

## निधन

### चंद्रिका प्रसाद चंद्राकर

**आरंग।** ग्राम बोरिद निवासी चंद्रिका प्रसाद चंद्राकर (66) का



शनिवार का निधन हो गया। उनके अंतिम संस्कार में परिजन एवं ग्रामीण शामिल हुए। वे देहुती चंद्राकर के पति, शशांक व प्रशुन्न चंद्राकर के पिता थे।

### लीलाधर चंद्राकर

**आरंग।** ग्राम छटेरा निवासी लीलाधर चंद्राकर (पकलू दाऊ)



का शुक्रवार को निधन हो गया। वे 85 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार महानदी स्थित मुक्तिधाम में किया गया। जिसमें परिवार, समाज सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे। वे बिन्दा देवी के पति एवं राजेंद्र, अशोक, अश्वनी के पिता थे।

### यदुकुमार साहू

**आरंग।** ग्राम जरौद (उमरिया) निवासी यदुकुमार साहू (55 ) का



शनिवार को निधन हो गय। वे वन विभाग में पदस्थ थे। उनका अंतिम संस्कार ग्राम के शमशान घाट में किया गया। वे कांती बाई के पुत्र, अशोक साहू के भाई और किरण, निशा, बरखा के पिता थे।

# तिल्दा पालिका की पलक बनीं उपाध्यक्ष, पर क्रास वोटिंग की सियासत पर चर्चा

## कई पार्षद खेल गए डबल गेम, कांग्रेस-भाजपा की कार्रवाई पर संशय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा

नगर पालिका परिषद तिल्दा नेवरा में हुए उपाध्यक्ष पद हेतु मतदान की हर जगह जमकर चर्चाएं है, उपाध्यक्ष चुनाव भाजपा की पलक सुखवानी भले ही एक मत से चुनाव जीत गई लेकिन भाजपा में भारी खलबली मच गई है। भाजपा की पलक सुखवानी और निर्दलीय पार्षद गोविंद लालवानी बब्बन के बीच मुख्य मुकाबला था। तिल्दा नेवरा नगर पालिका में अध्यक्ष चंद्रकला वर्मा एवं 12 पार्षद भाजपा है। यहां 5 निर्दलीय व 5 कांग्रेसी पार्षदों की जीत हुई है। उपाध्यक्ष के मतदान में भाजपा प्रत्याशी पलक सुखवानी को 12 मत एवं निर्दलीय गोविंद लालवानी को 11 मत मिले एक वोट से भाजपा की पलक सुखवानी जीत गई। लेकिन अब शहर व क्षेत्र में जमकर चर्चा है कि भाजपा के पार्षदों ने जमकर क्रॉस वोटिंग की है। इधर कांग्रेसी खेमे में भी जमकर चर्चा है कि 3 कांग्रेसी पार्षदों ने भाजपा के पक्ष में मतदान कर दिया है, एक कांग्रेसी पार्षद का तो नाम सार्वजनिक रूप से लिया जा रहा। वहीं दबी जुबान से 2 अन्य कांग्रेसी पार्षदों का नाम भी लिया जा रहा है। बता दे भाजपा के पास 12 पार्षद व अध्यक्ष को मिलाकर 13 वोट थे, साथ ही वार्ड नंबर 19 के निर्दलीय पार्षद भाजपा के साथ थे। ऐसे में भाजपा के पास कुल 14 वोट साथ में थे जो एकदम तय थे। । साथ ही एक कांग्रेसी पार्षद का नाम खुलकर सामने आ गया की उसने भाजपा को वोट दिया है ऐसे में भाजपा को 15 पार्षदों का वोट मिलना था। जबकि उन्हें 12 वोट ही मिले।




### भाजपा के पक्ष में मतदान

साथ ही कुछ भाजपा पार्षदों व नेताओं ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि उपाध्यक्ष चुनाव हेतु भाजपा ने 16 से 17 पार्षदों से संपर्क कर अपने लिए वोट तय करवा लिए थे। भाजपा को 16 से 17 वोट मिलने थे।
विश्वस्त सूत्रों की माने तो भाजपा के कुछ पार्षदों ने ईमानदारी से क्रॉस वोटिंग कर निर्दलीय पार्षद गोविंद बब्बन लालवानी को वोट दिए तो वहीं कुछ कांग्रेसी पार्षदों ने भाजपा के प्रत्याशी के पक्ष में मतदान कर दिया। नगर में अब इस बात की जगह जगह चर्चा है कि इस उपाध्यक्ष चुनाव में कुछ पार्षदों ने उपाध्यक्ष के दोनों ही प्रत्याशियों से लाखों रुपए की उगाही कर डाली है, वही चर्चा यह भी जमकर है कि भाजपा के पार्षदों ने क्रॉस वोटिंग में ईमानदारी दिखाई वही कुछ कांग्रेसी व एक से दो निर्दलीय पार्षदों ने निर्दलीय उपाध्यक्ष प्रत्याशी गोविंद के साथ दगाबाजी कर दिए। इधर अब भाजपा व कांग्रेस संगठन क्या कार्रवाई करता इस पर अब सभी की नजर बनी है है।

## पर्व : गांव-गांव में होली पर किया शानदार आयोजन

# रंगोत्सव की अंचल में धूम, नगाड़े की थाप पर फाग का लिया आनंद







हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

वैदेही मानस मंडली के तत्वाधान में लक्ष्मी विहार कालोनी आरंग में रंगो का पर्व होली धूमधाम से संपन्न हुआ। सामाजिक समरसता के प्रतीक होली पर सभी ने एक–दूसरे के माथे पर गुलाल लगाकर व रंग डालकर बधाई दी। शाम को परमेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। भजन कीर्तन प"चात मंडली के सदस्यों ने अपने–अपने घरों से छत्तीसगढी पकवानो ठेठरी, खुरमी, अरसा आदि का वितरण कर खुशियां बांटी। इस संगीत संध्या कार्यक्रम में महिला मंडल की अन्नू सोनी, सरोज साह, नीतू वर्मा, डिगे"वरी साहू, किरण दीवान, सीमा निशाद, मिथले"वरी देवांगन, मनीश साहू सहित बडी संख्या में कालोनीवासी उपस्थित थे।

### तरपोंगी अंचल में रही होली की धूम

**तरपोंगी।** तरपोंगी अंचल में रंगो का त्यौहार होली शांति पूर्ण उल्लास के साथ मनाया गया। लोग एक दूसरे को रंग गुलाल से रंगते रहे। गांवो में किसी प्रकार के अप्रिय घटना के समाचार नही मिले है। सुबह से लेकर शाम तक बच्चे बुढ़े जवान नगाड़ो के थाप पर जमकर झूमे नाचे।महिलाओ ने भी जमकर होली खेली।

### सगुनी में होली पर डंडा नृत्य की धूम

**तरपोंगी।** समीपस्थ ग्राम सगुनी में होली का त्यौहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। रंग एवं उमंग के अवसर पर ग्रामीणों ने पारम्परिक लोक नृत्य डंडा का प्रदर्शन किया। जिसमें खेती एवं जीवन के रंगों को लोक गीतों में पिरोया गया।



### राधा कृष्णा मंदिर में होली

**आरंग।** राधा कृष्ण मंदिर आरंग में 14 मार्च को होलिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। शाम 04 से 07 बजे तक फाग गायन, फूलों की होली, रंगों की होली खेली गयी। इस पावन पर्व में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। तत्प"चात बांके बिहारी और राधे रानी की आरती हुई एवं प्रसाद वितरण किया गया। सर्वराकार सावन शुक्ला ने बताया कि 19 मार्च को रंग पंचमी के अवसर पर फूल के रंगों से अभिषेक कर फूलों की होली खेली जाएगी। साथ ही होली मिलन का आयोजन किया गया है। इस उत्सव में श्रद्धालु अधिक संख्या में पहुंचकर पुण्य लाभ लेवें।

### अटल विहार कालोनी में हर्षोल्लास से मनाई होली

**आरंग।** अटल विहार कालोनी आरंग के ई.डब्बलू.एस., अटल आवास, एल.आई.जी., एम.आई.जी. सभी जगहों में होली पर्व धूमधाम से मनाया गया। सभी कालोनीवासियों ने नंगाड़े की थाप में मधुर फाग गीत में झूमते हुए एक–दूसरे को रंग–गुलाल लगाकर होली पर्व की बधाई दी। कक्षा दसवीं व बारहवीं के बोर्ड परीक्षा को देखते हुए शांति पूर्ण व बिना शोरगुल के होली मनाई गई।



### संडी के स्कूली बच्चों ने होली उत्सव मनाया

**आरंग।** श्रद्धा व आस्था का पर्व होली प्रा. व पू.मा.शा. संडी के संयुक्त तत्वाधान में संपन्न हुआ। शाला के बच्चों ने एक–दूसरे के ललाट पर अबीर–गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। वहीं शिक्षकों को तिलक लगाकर उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया। बच्चों ने फाग गीत की धुन पर जमकर नृत्य किया। वहीं शिक्षकों ने भी नृत्य कर बच्चों का उत्साहवर्धन किया। रंगो का पर्व हमें सामाजिक समरसता व एकता का संदेश देता है। शाला के वरिष्ठ शिक्षक पं. छत्रधर दीवान, सी.ए.सी. युवराम साहू, प्रा.शा. के प्र.पा. गणेश राम साहू, हेमंत चंद्राकर, आर.एस. कुंजे, शिक्षिका त्रिवेणी ध्रुव, बिन्नी पटेल ने एक संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि जब हम होली के रंगो में सराबोर हो जाते है तो यह हमें एक नई उर्जा व सकारात्मकता से भर देता है। पं. दीवान ने कहा कि होलो में रासायनिक रंग की जगह प्राकृतिक रंगो का उपयोग करें।



# श्रीरामचरितमानस पाठ में रंगोत्सव की चर्चा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



मठपुरैना वाटर फिल्टर प्लांट परिसर पर स्थित सर्व सिद्ध हनुमान मंदिर में रंगोत्सव पर्व होली को अनूठे अंदाज से मनाया गया। गुरुवार की रात्रि शुभ मुहूर्त पर मंदिर समिति के अध्यक्ष मोहनलाला साहू, सोमनाथ निषाद और दीनदयाल साहू की उपस्थिति में पं. घनश्यामदास वैष्णव ने होलिका दहन किया गया और फिर शुरू हुआ फाग की महफिल सजी, जिसमें परमानंद पटेल, किशोर साहू, भूखन लाल देवांगन, बाबूलाल साहू, मुक्ति साहू, तुकाराम ध्रुव ने मीराबाई, कबीर, तुलसीदास के फागों की शानदार प्रस्तुति दी। उल्लेखनीय है कि मंदिर में प्रति पूर्णिमा में श्रीरामचरितमानस का अखंड पाठ का आयोजन वर्षों से किया जाता है। इसी कड़ी में डीडी साहू ने मानस के बाल कांड में श्रीराम के जन्मोत्सव के दौरान वर्णित रंगों की महत्ता की व्याख्या करते हुए रंगों की महिमा की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सात रंगों से रंगी इस दुनिया में सभी रंगों का विशेष महत्व है। तुलसीदास महाराज ने रंगों के उसी विज्ञान को वर्णन कर मानव को संदेश दिया है। सुख-दुख से रंगो से रंगा हमारा जीवन में धैर्य का बड़ा महत्व है। उसी के अनुसार जीवन जी कर ही हम अपना जीवन और मानव का कल्याण कर सकते है। इस अवसर पर किशोर गुरुजी ने अपने अध्यात्मिक नृत्य से सब का मन मोह लिया।

## अंचल में हर्षोल्लास के साथ मनाई होली



**तिल्दा नेवरा।** होली का पावन पर्व तिल्दा नेवरा शहर व क्षेत्र में हर्षोल्लास पूर्वक वातावरण में मनाया गया, छुटपुट घटनाओं को छोड़कर शांतिपूर्वक होली मनाई गई। पहले दिन देर रात्रि होलिका दहन किया गया फिर दूसरे दिन सुबह से होली का पर्व मनाया गया, लोग एक दूसरे पर रंग गुलाल लगाकर बधाई दी गई।



## ब्राम्हण समाज ने होली मिलन समारोह मनाया

**तिल्दा नेवरा।** तिल्दा नेवरा मे ब्राम्हण समाज का होली मिलन सम्पन्न जिसमे आस पास के गांव के ब्राम्हण परिवार ने हिस्सा लिया, पूर्व विधायक प्रमोद शर्मा ने पूजा कर कार्यक्रम की सुरुवात की, तथा नव निर्वाचित नगर पालिका अध्यक्ष श्री मति चन्द्रकला खुमान वर्मा एवं उपाध्यक्ष पलक अतिथि के रूप मे उपस्थित हो कर जम के फाग गीत का रूप रंग तैयार किया, एवं इस कार्यक्रम मे सिमगा एवं खरोरा के भी समाज के पदाधिकारीयों ने भागीदारी ली। साथ ही सबसे महत्वपूर्व बात रही कि पालिका अध्यक्ष, उपाध्यक्ष के साथ अतिथि के रूप मे उपस्थित वार्ड क्रमांक 14 के कांग्रेसी पार्षद पप्पू नामदेव ने वार्ड 14 में 30 डिसमिल जमीन छत्तीसगढ़ी ब्राम्हण समाज क्रो देने की महत्वपूर्ण घोषणा की है।

### गौवंश सेवा संरक्षण की गौ समिति ने की अपील

**आरंग।** विगत दिनों से आरंग नगर के गौवंश सेवा संरक्षण हेतु गौ समिति आरंग के सदस्यगणों द्वारा एक अपील पत्र ले कर आरंग नगर के सभी वार्डो एवं कॉलोनियों में घरों–घर जाकर प्रचारित एवं वितरित कर रहे हैं। अपील पत्र में प्रत्येक हिन्दू से गौ पोषण और संरक्षण करना, नगर के गौ सेवा धाम के संचालन संवर्धन में सुझाव और सहयोग प्रदान करना, आरंगवासियों द्वारा घरों और दुकानों से निकलने वाले गीला व सूखा कचरा के समुचित निष्पादन किया जाना, गौ वंशों को घरेलु झूठन या अन्य मानव खाद्य सामग्री ना खिलाया जाना और यदि देना ही है तो ताजा स्वच्छ और सीमित मात्र में दिया जाना, सड़क में बैठे गौ वंशो को किनारे करना और वाहन चालकों से धीमी गति से वाहन चलाने, गौ वंशों के चारागाह क्षेत्र हेतु स्थानीय प्रशासन से मांग करने में सहयोग, पेय जल व छाया की व्यवस्था, दुर्घटना ग्रस्त गौ वंशों के समुचित उपचार और देख–रेख की व्यवस्था में सहयोग की मांग की जा रही है।

# चाकू मारकर युवक की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

**तिल्दा नेवरा।** ग्राम कोहका निवासी एक युवक की चाकू मारकर हत्या। पुलिस ने एक आरोपी को किया गिरफ्तार। मृतक था अपराधी प्रवृत्ति का।

रविवार शाम को ग्राम घुलघुल शासकीय स्कूल के पास ग्राम कोहका निवासी हितेश वर्मा पिता गोपाल वर्मा उम्र 21 वर्ष के साथ वेद वर्मा और उसके भाई अजय वर्मा का विवाद हुआ विवाद के बाद वेद व उसके भाई अजय वर्मा ने हितेश को चाकू, डंडे आदि से मारकर लहूलुहान कर दिया, घटना की जानकारी होने पर परिजन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तिल्दा लाए जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। नेवरा पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है एवं देर शाम मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार भी कर लिया गया है। वहीं यह भी बताया जा रहा है कि मृतक अपराधी प्रवृत्ति का था। बहरहाल नेवरा पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और विवेचना कर रही है।



# ग्रामों में निस्तारी संकट अभी से गहराया मंत्री से गंगरेल से पानी देने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

■ जिला जल उपभोक्ता संस्था संघ ने की मांग

अभी मार्च माह बीता नहीं है और ग्रामीण इलाकों में निस्तारी पानी का संकट अभी से गहराने लगा है। समस्या का भयावह रूप लेने से पहले ही निस्तारी पानी देने गंगरेल का पट खोलने की मांग उठने लगी है। बंगोली सिंचाई उपसंभाग के अधीन आने वाले सिंचाई पंचायतों के पूर्व अध्यक्षो ने एक बैठक के बाद सिंचाई मंत्री केदार कश्यप से गंगरेल से अविलंब निस्तारी पानी छुड़वाने का आग्रह किया है। ज्ञातव्य हो कि खरीफ सिंचाई के बाद ग्रीष्मकाल में गंगरेल से तालाबों को भरने हर साल निस्तारी पानी छोड़ा जाता है जो अपवादस्वरूप परिस्थितियों को छोड़ अमूमन अप्रैल माह में छोड़ा जाता है। इस वर्ष मार्च के शुरूआत होते होते ग्रामीण इलाकों में जल संकट शुरू हो चला है जो समय बीतते बीतते गहराने लगा है और अभी से ग्रामीण निस्तारी पानी की संकट से जूझने लगे हैं। समस्या को देखते हुये बंगोली सिंचाई उपसंभाग के अधीन आने वाले सिंचाई पंचायतों के पूर्व अध्यक्षो ने होली त्यौहार के पूर्व एक बैठक आयोजित कर गंगरेल में पानी की उपलब्धता को देखते हुये होली त्यौहार के तुरंत बाद गेट खुलवा पानी छुड़वाने की मांग को ले ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया। बैठक में रायपुर जिला जल उपभोक्ता संस्था संघ के अध्यक्ष रहे भूपेंद्र शर्मा सहित गोविंद चंद्राकर, थानसिह साहू, प्रहलाद चंद्राकर, चिंताराम वर्मा, हिरेश चंद्राकर, धनीराम साहू, तुलाराम चंद्राकर, भारतेंदु साह, योगेश चंद्राकर आदि शामिल थे। इधर किसान नेता पारसनाथ साहू व गजेन्द्र सिंह कोसले ने भी गंगरेल से निस्तारी पानी छोड़ने की मांग करते हुये इससे भूगर्भीय जल स्त्रोत बढ़ने से पेयजल की समस्या से निजात मिलने की संभावना जतायी है।

## कटुम्बजनों ने एक–दूसरे को तिलक लगाकर होली की शुभकामनाएं दी

# धीवर समाज के सम्मेलन में आय-व्यय की जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

धीवर समाज भवन आरंग में नगर के धीवर समाज का वार्षिक सम्मेलन, आम सभा व होली मिलन समारोह संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ श्री राम चंद्र जी की आरती से हुआ। सामाजिक कटुम्बजनों ने एक–दूसरे को तिलक लगाकर होली पर्व की शुभकामनाएं दी।

सामाजिक परंपरा अनुरूप प्रकरणों के निराकरण हेतु सभापति का मनोनयन कर कोषाध्यक्ष द्वारा समस्त आय–व्यय का ब्यौरा कटुम्बजनों के समक्ष प्रस्तुत किया गया। बैठक में वर्तमान नगर धीवर समाज के अध्यक्ष डॉ. तेजराम जलक्षत्री ने सभी को होली की शुभकामनाएं देते हुए सभी के समक्ष अपने कार्यकाल के कार्यो् को विस्तार से रखा। तत्पश्चात नए पदाधिकारियों का गठन हुआ, जिसमें सर्वसम्मति अध्यक्ष सतीश मानू जलक्षत्री, सचिव चोवाराम जलक्षत्री, कोषाध्यक्ष रमन जलक्षत्री, उपाध्यक्ष रामाधार जलक्षत्री, सहसचिव चमन जलक्षत्री मनोनित किए गए। इस अवसर पर धीवर समाज के वरिष्ठ सलाहकार संरक्षक भरत जलक्षत्री, बृजलाल जलक्षत्री, तेजराम जलक्षत्री, परगना उपाध्यक्ष भीम जलक्षत्री, बलदाऊ जलक्षत्री, सदाराम जलक्षत्री, रूपेश जलक्षत्री, दिलीप जलक्षत्री, छोटेलाल, गंगाप्रसाद, ललित जलक्षत्री, सुशील जलक्षत्री प्रदेश अध्यक्ष शिक्षा संस्कृति प्रकोष्ठ धीवर समाज, साधुराम, चेतन लल्लू जलक्षत्री, रवि आनंद, ललितराम, भोलाराम जलक्षत्री, कोमल लाखोटी, कुंदन, रूपेश, राजू, कृष्ण कुमार, खिलावन, युवा प्रकोष्ठ से देव जलक्षत्री, चमन जलक्षत्री, नरेंद्र जलक्षत्री ,अमित जलक्षत्री, दुर्गेश जलक्षत्री, प्रीतम जलक्षत्री, जीतू, यशवंत जलक्षत्री, संदीप, जगेशर, जलक्षत्री, महेंद्र जलक्षत्री, राकेश, भूषण, नीरज, आकाश, राजकुमार, मनीष, गोपी व समाज सेवक गणेश, किशोर सहित नगर धीवर समाज के समस्त कुटुंबजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन व आभार भूषण जलक्षत्री व रूपेश जलक्षत्री ने किया।




# मोहदी के शिव मेले में श्रद्धांलुओं का तांता



**तरपोंगी।** होली के अवसर पर मोहदा में आयोजित विशाल शिव मेला में भारी भीड़ रहा। मोहदेश्वर महादेव के दर्शन करने श्रद्धालु की लंबी कतार लगी रही। महर्षि मार्कण्डेय की तपोभूमि होने के कारण मोहदेश्वर महादेव का दर्शन चमत्कारी व फलदायी होता है। होलिका दहन के बाद मध्य रात्रि से अगले दिन तक श्रद्धालु गण शिवलिंग का दर्शन करते रहे।

## चकल्लस

### फाइनल में हार का डर




सरकार बनने के बाद भाजपा का परफारमेंस एक तरफा रहा है। हर चुनाव में जीत ही जीत। सभी जगह महापौर बन गए। पालिकाओं में भी कमल खिल गया। दावा था कि जिला पंचायतों के चुनाव में उनके पास 31 जिलों में बहुमत है। भाजपा ने बाकी जिले तो आसानी से जीत लिए, लेकिन रायपुर जिले में पेंच फंस गया। मतलब सारे मैच जीत लिए फाइनल फंस गया। फाइनल में हार का खतरा मंडरा रहा है। वह भी रायपुर में। सवाल एक जिले का नहीं, मैसेज का है। राजधानी हारे तो समझो सब हारे। जहां पूरी सरकार है वहां तो जीत चाहिए ही चाहिए। भाजपा पूरी ताकत से जीत की तैयारी में लगी है। पूरा जुगाड़ होने की खबर भी है। लेकिन यह तो नतीजा ही बताएगा कि जुगाड़ पूरा था या...।

### यह लिस्ट आती क्यों नहीं



एक सीमेंट का एड अक्सर देखा होगा आपने। यह दीवार टूटती क्यों नहीं। वैसा ही कुछ भाजपाइयों के साथ हो रहा है। सरकार बन गई, लोकसभा का चुनाव भी निपट गया। नगरीय निकाय और पंचायत के चुनाव भी खत्म हो गए। लेकिन इंतजार खत्म नहीं हो रहा। निगम-मंडल की लिस्ट जारी नहीं हो रही। खबरी बता रहा था कि बीते दिनों 15 लोगों की एक सूची तैयार हो गई थी। जारी होने से पहले ही खबर लीक हो गई। अब हुआ यह कि उसमें जो नाम थे वे सब नए लोग थे। वर्षों से संगठन की सेवा कर रहे नेताओं के नाम गायब। बस उसके बाद वही हुआ जो होना था। उसके बाद वह सूची भी ठंडे बस्ते में चली गई है।

### साढ़े चार करोड़ के फेर में फंसी पुलिस



राजधानी पुलिस ने पिछले दिनों टाटीबंद के पास वाहन चैकिंग के दौरान एक कार से नोटों का जखीरा जब्त किया। कार में मिले नोट साढ़े चार करोड़ रुपए होने का पहले दिन ही हल्ला उड़ गया। दूसरे दिन पुलिस ने नोटों की संख्या एक करोड़ 67 लाख बताई। दूसरे दिन कार के चेंबर से और रकम बरामद होने की बात सामने आने के बाद विभाग के साथ लोग सोचने विवश हो गए कि आखिर कार में ऐसा और कौन से चेंबर बना था, जो पुलिस की पैनी निगाहों से बच गया। जब्ती के बाद आंकड़ा साढ़े चार करोड़ के पार पहुंच गया। खबरी की मानें तो साढ़े चार करोड़ रुपए के हल्ले को अफसरों ने गंभीरता से लिया। इसके चलते कार की दोबारा जांच की गई और जब्ती का आंकड़ा बार्डर लाइन पर पहुंच गया।

### एक साल की शांति...



स्वास्थ्य विभाग में सेवा देने वाले एक सिविल सर्जन पिछले कुछ समय से एक साल शांति से बिताने की दुहाई देते फिर रहे हैं। किसी से भी भेंट-मुलाकात अथवा औपचारिक, अनौपचारिक बातों में सालभर शांति के साथ बिताने का जिक्र जरूर करते हैं। सालभर की शांति का तकिया कलाम उन्हें चर्चा में ले आया है। दरअसल डॉक्टर साहब का शासकीय सेवा का एक साल बाकी है और वे किसी भी तरह के विवाद से दूर रहना चाहते हैं, इसलिए आने वाले हर शख्स के सामने इस बात का जिक्र जरूर करते हैं। पुराने मेलजोल वाले उनकी बातों का मतलब समझते हैं, मगर नए-नवेले शख्स कई बार सालभर और शांति का अर्थ निकालने विचार मंथन में खो जाते हैं।

### चोर फंसे, डकैत बचे

मोक्षित कारपोरेशन के अरबों रुपए के कांड में कंपनी का डायरेक्टर जेल भेज दिया गया। तब से वह करोड़पति जेल में अपने कर्मों की सजा भोग रहा है। लेकिन क्या वह अकेला ही जिम्मेदार था? दवा निगम के भ्रष्ट अफसरों ने उसे रास्ता दिखाया, जमकर जनता का माल खाया। लेकिन हुआ क्या...जिन अफसरों को निगम से हटाने के लिए पत्र लिखा गया, वे हिले तक नहीं हैं और अभी भी मजे से नौकरी कर रहे हैं। जब अफसरों को हिला नहीं पा रहे हैं तो आईएएस का सोचिए, वो तो तुर्रमखां होते हैं। पूछताछ के अलावा उनका कोई क्या कर लेगा। चोर फंस जाएगा और डकैत पतली गली से निकल जाएंगे। उनसे भी बड़े भ्रष्ट वे नेता, जिनकी मर्जी के बिना पत्ता नहीं हिलता। उनका कोई क्या कर लेगा।

### चोर और डकैत

वो तो भला हो कि सरकार ने पीएससी कांड की जांच सीबीआई को सौंप दी। सोनवानी जेल चला गया, नहीं तो सोनवानी शान से खुले में घूम रहा होता। ऐसा इसलिए कह रहे हैं क्योंकि कई गंभीर मामलों में छोटे लोग ही फंसे। भारत माला प्रोजेक्ट की गड़बड़ी को ही लीजिए। खुलेआम करोड़ों रुपए की बंदरबांट हो गई। एक खसरे को दर्जनभर लोगों के नाम चढ़ाकर मुआवजा वसूल कर लिया गया। उस मामले में अब तक एकाध अफसर को ही धरा गया है। खबरी बता रहा था कि छोटा अफसर एक मोहरा था। समझ लीजिए चोर था। डकैत तो अपने घर आराम कर रहे हैं। कई रसूखदार सेठ, नेता और अफसरों ने भी खूब माल बटोरा है। उनकी बारी कब आएगी...लोग उसका इंतजार कर रहे हैं।

### नारियल फूटेगा या नहीं?

हर विभाग में एक ना एक अधिकारी ऐसे जरूर होते हैं, जो अपने मातहतों को फूटी आंख नहीं भाते हैं। ऐसे अधिकारियों की विदाई के सपने कर्मचारी अपनी बेटी की विदाई के सपने से भी अधिक देखते हैं। रविवि में एक ऐसे ही सर्वप्रिय, जन-जन के नेता की तबादले की खबरें आ रही हैं। कई कर्मचारियों ने उनकी विदाई पर रविवि परिसर स्थित बंजारी माता मंदिर में नारियल फोड़ने की मन्नत मांगी है। सुनने में आया है कि विधानसभा के बाद यह नारियल फूट सकता है। वैसे साहब हैं बड़े तिड़कमबाज। नारियल फूटने से रोक लें, तो कुछ कह भी नहीं सकते।

### खिसक गए हैं साहब



जिला शिक्षा कार्यालय को दशकों बाद ऐसा अधिकारी मिला है, जिसे किसी से कोई लेना-देना ही नहीं है। छात्रों से भी नहीं। साहब का बस चले तो वह झोला उठाकर एकांतवास में चले जाएं और किसी दस्तावेज पर हस्ताक्षर ही ना करें। आज तक लोग यह समझ ही नहीं सके हैं कि साहब महत्वपूर्ण फाइलों में हस्ताक्षर करने से इतना कतराते क्यों है? क्या है कि लगभग चार साल पहले भर्ती हुए शिक्षकों को स्थायी करने का समय आ गया है। बाकि जिलों में यह कार्य हो चुका है, लेकिन राजधानी में लेट-लतीफी का एग्जाम्पल सेट किया जा रहा है। साहब के कारनामे देखकर मातहतों में तो ये भी खानाफूसी करते रहते हैं कि साहब खिसक गए हैं।

जिया कुरैशी, राजकुमार ग्वालानी, सुरेंद्र शुक्ला, विकास शर्मा, गिरीश केशरवानी, रुचि वर्मा।

# 35 हजार बकायादारों की बिजली कट, 25 करोड़ की वसूली

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि सरोकार

प्रदेशभर में बकायादारों पर छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी ने कड़ाई शुरू कर दी है। प्रदेश के 35 हजार से ज्यादा उपभोक्ताओं का बकाया बिल जमा न करने के कारण बिजली कट कर दी गई। इसका नतीजा ये हुआ कि करीब 30 हजार बकायादारों ने तत्काल भुगतान कर दिया और अपने कनेक्शन वापस जुड़वा लिए। इससे पॉवर कंपनी को 25 करोड़ से ज्यादा का बकाया मिल गया है। हालांकि यह बकाया ऊंट के मुंह में जीरे जैसा है। आम उपभोक्ताओं पर हजार करोड़ से ज्यादा का बिल बकाया है। वहीं प्रदेश के सरकारी विभागों पर तो ढाई हजार करोड़ रुपए बकाया हैं। सरकारी विभागों की बिजली कभी भी बिल जमा न करने पर कट नहीं की जाती है।

पॉवर कंपनी का आम उपभोक्ताओं एवं सरकारी विभागों को मिलाकर चार हजार करोड़ से ज्यादा का बकाया है। उपभोक्ताओं से वसूली के लिए पॉवर कंपनी हमेशा अभियान चलाती है। इस समय में भी प्रदेशभर में यह अभियान चल रहा है। पॉवर कंपनी ने बकाया वसूलने के लिए बकायादारों की बिजली कट करने का अभियान चला रखा है।

**सरकारी विभागों पर ढाई हजार करोड़ बकाया**

**कहां कितने कनेक्शन कट**

बिलासपुर सर्किल में सबसे ज्यादा 74 सौ उपभोक्ताओं की बिजली काट दी गई। इसी तरह से महासमुंद सर्किल में 73 सौ उपभोक्ताओं की बिजली कट की गई और इनसे करीब 15 करोड़ वसूल किए गए। रायगढ़ और जांजगीर सर्किल में चार हजार से ज्यादा बकायादारों की बिजली कट की गई, इनसे भी करीब दस करोड़ की वसूली की गई है। रायपुर सर्किल में दो हजार की बिजली कट की गई। सभी सर्किल को मिलाकर करीब 30 हजार उपभोक्ताओं पर कार्रवाई की गई है। यह कार्रवाई लगातार चलेगी।

**सरकारी विभागों पर ढाई हजार करोड़ बाकी**

प्रदेश के सरकारी विभागों पर इस समय ढाई हजार करोड़ से ज्यादा बकाया है। सरकारी विभाग हमेशा से ही बेलगाम रहे हैं। ये अपना बिल ही जमा नहीं करते। अंत में पॉवर कंपनी को प्रदेश सरकार को पत्र लिखकर बजट में से बिल की रकम लेनी पड़ती है। सरकारी विभागों पर बकाया रहने पर अब केंद्र सरकार से योजनाओं में मिलने वाली राशि भी रुक जाती है।

**बीपीएल उपभोक्ताओं पर ही लाखों का बिल बकाया**

आम उपभोक्ताओं की बिजली तो कट की जा रही है, लेकिन प्रदेश में 20 लाख से ज्यादा बीपीएल के उपभोक्ता हैं, इन पर ही लाखों की बकाया है। इनको प्रदेश सरकार की तरफ से 30 यूनिट बिजली मुफ्त मिलती है। इसके बाद का बिल उन्हें देना पड़ता है, लेकिन बरसों से बीपीएल उपभोक्ता बकाया रकम जमा ही नहीं कर रहे हैं। इनकी बिजली कभी कट नहीं की जाती है। इनसे तो सुरक्षा निधि भी नहीं ली जाती है। स्मार्ट मीटर लगने के बाद इनसे बकाया वसूलना और मुश्किल हो जाएगा।

## कोई सरकार आए, अब कानून नहीं बदलेगा

# प्रदेश में बनेगा मीसाबंदी कानून, विस में लाएंगे लोकतंत्र सेनानी सम्मान विधेयक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ में जल्द ही मीसा बंदी कानून लागू होगा। खास बात ये है कि यह कानून बनाने के लिए राज्य की विष्णुदेव साय सरकार ने छत्तीसगढ़ लोकतंत्र सेनानी सम्मान विधेयक भी तैयार किया है। इस विधेयक को पहले ही कैबिनेट की मंजूरी मिल चुकी है। अब विधानसभा में पेश करके अधिनियम को मंजूरी दिलाई जाएगी। यह कानून बन जाने के बाद राज्य के मीसा बंदियों को मिलने वाली सारी सुविधाएं समायोजित की जाएंगी, लेकिन इससे भी महत्वपूर्ण ये है कि एक बार ये कानून बन जाने के बाद सरकार बदलने पर भी इसे बदला नहीं जा सकेगा।
25 जून 1975 की आधी रात देशभर में एक अध्यादेश के बाद आपातकाल लगा दिया गया था। इस दौरान संविधान के अनुसार दिए गए नागरिक अधिकारों को निलंबित किया गया था। बंदी प्रत्यक्षीकरण कानून समाप्त कर दिया गया, जिसके बाद गिरफ्तार व्यक्ति को अदालत में 24 घंटे के भीतर प्रस्तुत करने का नियम शिथिल हो गया। कांग्रेस शासित राज्यों के मीसा कानून में एक लाख सत्ता विरोधी जेल में डाल दिए गए। राज्य में भी उन दिनों कांग्रेस की सरकार थी। मीसा का पूरा विवरण बताया गया कि मेंटेनेंस ऑफ इंटरनल सिक्योरिटी एक्ट। इसमें की गई गिरफ्तारी को अदालत में चैलेंज भी नहीं किया जा सकता था। इस दौरान मीसा कानून के तहत बंदियों को मीसाबंदी कहा जाता है।

**साय कैबिनेट ने अधिनियम को दी है मंजूरी**



**एमपी की तरह होगा यहां का कानून**

जानकार सूत्रों की मानें तो छत्तीसगढ़ में बनने वाला मीसाबंदी कानून, जिसे लोकतंत्र सेनानी सम्मान विधेयक के रूप में लाया जा रहा है, यह एमपी में बनाए गए कानून की तरह होगा। एमपी में वहां के तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने वर्ष 2008 में लोकनायक जयप्रकाश नारायण के नाम से सम्मान निधि नियम बनाया था। इसी के तहत मीसाबंदियों को सम्मान निधि प्रदान की जाती है। वर्ष 2016 को शिवराज सरकार ने नियमों में संशोधन कर मीसाबंदियों को लोकतंत्र सेनानी का दर्जा दिया।

**अब कोई नहीं बदल सकेगा फैसला**

मीसाबंदी कानून बन जाने के बाद राज्य में किसी की भी सरकार आए, इस कानून को नहीं बदला जा सकेगा। इस संबंध में लोकतंत्र सेनानी संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सच्चिदानंद उपासने का कहना है कि हमने नया अधिनियम बनाने के लिए सरकार को एमपी के कानून का प्रारुप दिया है। काफी लंबे समय से इस कानून के बनने का इंतजार किया जा रहा था, लेकिन मामला लंबित था। अब सरकार इस दिशा में जो कदम उठा रही है, वह स्वागतेय है।

**कांग्रेस सरकार ने रोकी थी सम्मान निधि**

मीसा बंदियों को राज्य में पूर्ववर्ती रमन सरकार के कार्यकाल के दौरान सम्मान निधि दिए जाने का प्रावधान था, लेकिन 2018 में आई राज्य की कांग्रेस सरकार ने आते ही इस निधि को समाप्त करने का फैसला किया था। इसके बाद जब यह मामला हाईकोर्ट में गया तो वहां सरकार का फैसला पटल गया था। इसके बाद फिर सम्मान निधि बहाल हुई। उधर मप्र की बात करें तो वहां पहले ही शिवराज सिंह के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने मीसा बंदी कानून बना दिया था। लेकिन 2018 के चुनाव के बाद जब कांग्रेस की कमलनाथ सरकार आई तो उसने भी इस पर रोक लगा थी, लेकिन जब मामला हाईकोर्ट में गया तो वहां भी सरकार को अपना फैसला बदलना पड़ा था।

## वार्षिक खेलकूद चिकित्सा छात्रों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन



**रायपुर।** पं. जवाहरलाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय में पिछले दिनों वार्षिक क्रीड़ा महोत्सव का आयोजन किया गया। आयोजन के अध्यक्ष डॉ. विवेक पात्रे, डॉ. प्रदीप चंद्राकर एवं डॉ. प्रवीण कुर्रे थे। वार्षिक क्रीड़ा महोत्सव का शुभारंभ डॉ. अरविंद नेरल, डॉ. जीवन पटेल एवं डॉ. विक्रम राठौर की उपस्थिति में मैराथन प्रतियोगिता के साथ किया गया। एनुअल स्पोर्ट्स डे के अवसर पर मार्च पास्ट के साथ मशाल रैली निकाली गई, जिसमें डॉ. कृष्णकांत साहू एवं खेलकूद सचिव अनीस राठौर ने भाग लिया। उसके पश्चात विभिन्न एथलेटिक इवेंट्स का आयोजन हुआ। समारोह के पदक वितरण के मुख्य अतिथि डीएमई डॉ. यूएस पैंकरा, डीन अध्यक्ष डॉ. विवेक चौधरी एवं अतिविशिष्ट अतिथि आंबेडकर अस्पताल के अधीक्षक डॉ. संतोष सोनकर थे। स्पोर्ट्स पर्सन ऑफ द ईयर का खिताब डॉ. पीयूष भास्कर एवं डॉ. प्रिया चंद्रवंशी तथा एथलेटिक पर्सन ऑफ ईयर का खिताब प्रशांत एवं वर्षा बघेल को दिया गया। इस दौरान डॉ. हंसा बंजारा, डॉ. सरिता, डॉ. देवप्रिय, डॉ. नागेंद्र, डॉ. कुशल एवं अन्य मौजूद थे। विभिन्न इनडोर एवं आउटडोर खेलों में सभी चिकित्सा छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

## बर्खास्त बीएड सहायक शिक्षकों ने धरनास्थल पर ही मनाई होली



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

बर्खास्त बीएड सहायक शिक्षकों ने समायोजन की मांग को लेकर रविवार को नवा रायपुर के तूता स्थित धरनास्थल पर प्रदर्शन किया। परिवार के साथ धरनास्थल पर अनिश्चितकालीन धरना दे रहे प्रदेशभर के प्रभावित सहायक शिक्षकों ने इस बार धरनास्थल पर ही परिवार के साथ होली मनाई। वहीं अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ के आव्हान पर 9 सूत्रीय मांगों को लेकर कर्मचारियों ने धरनास्थल पर अनशन किया। छत्तीसगढ़ के 2897 बर्खास्त बीएड प्रशिक्षिक सहायक शिक्षकों ने नौकरी की सेवा सुरक्षा की मांग करते हुए तूता में धरना दिया। प्रभावित सहायक शिक्षकों ने नौकरी बचाओ संघर्ष के तहत धरनास्थल पर आंदोलन जारी रखा है। उनका कहना है, जब तक उनका समायोजन नहीं हो जाता, धरना-प्रदर्शन जारी रहेगा। होली त्योहार के दिन भी धरनास्थल से बीएड प्रशिक्षित सहायक शिक्षकों ने रैली निकालकर शासन का ध्यान आकर्षित कराया।

■ अजा शासकीय सेवक विकास संघ का भी अनशन

## घर-घर विराजेंगे भगवान झूलेलाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

सिंधु एकता संघ, सिंधी समाज द्वारा गणेश उत्सव की तरह झूलेलाल उत्सव की तैयारियां जोर-शोर से की जा रही हैं। 26 मार्च को घर-घर में भगवान झूलेलाल की मूर्ति स्थापित की जाएगी तथा पांच दिन विधि-विधान से पूजा-अर्चना के बाद चेट्रीचंड्र के दूसरे दिन 31 मार्च को विसर्जन किया जाएगा। पूरे छत्तीसगढ़ में झूलेलाल उत्सव को लेकर समाजजनों में उत्साह है तथा मूर्ति निर्माण कार्य निरंतर जारी है। रायपुर शहर के साथ छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश के भी शहरों में सिंधु एकता संघ द्वारा सांई लालदास से जुड़ी हुई स्वयंसेवी संस्थाओं के सहयोग से मूर्तियां निशुल्क भेजी जा रही हैं। कई शहरों में विभिन्न संस्थाओं द्वारा संघ की प्रेरणा से सांई लालदास के सानिध्य में मूर्ति निर्माण कराया जा रहा है। पूरे प्रदेश में अब तक 5 हजार मूर्तियों का पंजीयन हो चुका है तथा लगभग 10 हजार मूर्तियां पूरे प्रदेश में वितरित की जाएंगी। मूर्तियां पहले आओ पहले पाओ के आधार पर दी जाएगी, अतः इच्छुक समाजजन जल्द से जल्द पंजीयन स्थलों में मूर्ति प्राप्त करने के लिए पंजीयन करा लें। संघ के संस्थापक सुभाष बजाज, कार्यक्रम संयोजक रमेश मिरघानी, अध्यक्ष चंद्र कुमार माखीजा ने बताया कि यह कार्यक्रम सिंधु एकता संघ द्वारा संत लालदासजी की प्रेरणा व संत युधिष्ठिरलाल तथा देवपुरी दरबार की प्रमुख, अम्मा मीरादेवी के आशीर्वाद से किया जा रहा है।



■ चेट्रीचंड्र कार्यक्रम की तैयारी

**यहां होगा मूर्ति के लिए पंजीयन**

रायपुर में निम्नलिखित पंजीयन स्थलों में अपनी मूर्ति पंजीकृत करा सकते हैं। आयोजन का मुख्य उद्देश्य सिंधी संस्कृति व धर्म का प्रचार तथा समाज के युवाओं को सिंधी समाज की मुख्यधारा से जोड़ना तथा सामाजिक एकता स्थापित करनी है, जो केवल सामाजिक, सांस्कृतिक व धार्मिक जागरूकता से ही संभव है, जिसके लिए सिंधु एकता संघ निरंतर प्रयासरत है। पंजीयन स्थल लाखेनगर में भारत चंदवानी, सुनील रामवानी, पंडरी देवेंद्र नगर में चंदू माखीजा, तेलीबांधा में ज्ञानू उदासी, नर्मदापारा में संतोष डोडानी, संत कंवरराम नगर कटोरा तालाब में अप्पू वाडिया, रिक्की जुडानी व प्रदीप सिंहानी, श्रीनगर में विनोद शीतलानी, फाफाडीह में नरेश भोजवानी, कटोरा तालाब में विजय लहरवानी, डगनिया में भवन इसरानी व डीडीनगर में सुधीर रामानी से संपर्क कर पंजीयन करा सकते हैं।

## भाजपा नेताओं को बचाने भारतमाला प्रोजेक्ट की ईओडब्ल्यू से जांच करा रहे



**रायपुर।** भारतमाला परियोजना में जमीन अधिग्रहण घोटाले में भाजपा सरकार लीपापोती करना चाहती है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, सरकार इस मामले में संलिप्त भाजपा के वरिष्ठ नेताओं, एक पूर्व मंत्री, विधायक को बचाने के लिए ईओडब्ल्यू की जांच करा रही है। भारतमाला परियोजना केंद्र सरकार की योजना है। इस मामले में मुआवजे का जो घोटाला हुआ है, उसमें केंद्र सरकार के खजाने पर डाका डाला गया है। अतः इसकी जांच केंद्र सरकार की एजेंसियों को करना चाहिए। केंद्रीय राशि पर घपले की जांच सीबीआई को करनी चाहिए। साथ ही मुआवजे के लेन-देन में जो गड़बड़ी की गई है, ईडी भी इस मामले की जांच करे। इस पूरी सड़क परियोजना के भूमि अधिग्रहण की सूक्ष्म जांच होनी चाहिए। यह हजारों करोड़ का सुनियोजित घोटाला है, जिसमें संगठित गिरोह बनाकर मुआवजा वसूला गया है। रायपुर से हैदराबाद सड़क के भूमि अधिग्रहण की जांच कराया जाना आवश्यक है। उन्होंने कहा, छोटे-छोटे मामले में सीबीआई जांच कराने की घोषणा की जाती है, तब इतने बड़े घोटाले की जांच से डबल इंजन की सरकार क्यों घबरा रही है? किसको बचाने सीबीआई और ईडी की जांच नहीं कराई जा रही है।

## ओबीसी आरक्षण पर सियासी हमले, बयानबाजी तेज

# साव बोले- कांग्रेसी भ्रम फैला रहे, भूपेश ने कहा- गलत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में ओबीसी आरक्षण को लेकर सियासत तेज हो गई है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने डिप्टी सीएम अरुण साव पर निशाना साधते हुए कहा, वे ओबीसी आरक्षण को लेकर भ्रम फैला रहे हैं। जिस पर डिप्टी सीएम अरुण साव ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा, राज्य में अनारक्षित 13 जिला पंचायतों में से 12 के चुनाव संपन्न हुए हैं।

इन 12 जिला पंचायतों में 9 ओबीसी अध्यक्ष बने हैं। साथ ही 12 जिला पंचायतों में 8 उपाध्यक्ष भी ओबीसी वर्ग से हैं। उन्होंने कहा, सरकार की प्रतिबद्धता रही कि ओबीसी को सम्मान मिले। साय सरकार ने जो कहा, वह कर दिखाया है। अब डिप्टी सीएम अरुण साव ने भूपेश बघेल को माफी मांगने की बात कही है, तो वहीं भूपेश बघेल कह रहे हैं, डिप्टी सीएम अरुण साव माफी मांगें। छत्तीसगढ़ में नगरीय निकाय चुनाव के बाद भाजपा ने जिला पंचायत के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद पर भी कब्जा जमा लिया है। छत्तीसगढ़ के 33 जिलों में से 31 जिलों में जिला पंचायत अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का चुनाव हो गया है। 33 में से 20 जिला पंचायत अनुसूचित जनजाति और जाति के लिए आरक्षित हैं तो वहीं बची हुई 13 अनारक्षित जिला पंचायतों में 12 पर चुनाव हो गए हैं, जिस पर 9 जिला पंचायतों में भाजपा ने अध्यक्ष और उपाध्यक्ष ओबीसी वर्ग को बनाया है। जबकि अभी अनारक्षित में रायपुर और आरक्षित में सुकमा में चुनाव होना बाकी है। जबकि इससे पहले कांग्रेस और पूर्व सीएम भूपेश बघेल जिला पंचायत आरक्षण प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए अध्यक्ष बनने के लिए ओबीसी के तरसने तक की बात कह दी थी।

**साव गलत बात कर रहे हैं**



इस पलटवार करते हुए पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने कहा, डिप्टी सीएम अरुण साव गलत बात कर रहे हैं। मैंने कहा था कि एक भी जिला पंचायत ओबीसी आरक्षित नहीं हुआ। ये नहीं कहा था, एक भी सीट जीतकर नहीं आएंगे। ओबीसी की इतनी आबादी है, वो तो जीतेंगे ही, लेकिन सरकार ने उन्हें आरक्षण दिया था क्या? यह बात सही है कि जिला पंचायत के आरक्षण में ओबीसी को अलग से आरक्षण नहीं दिया गया था, लेकिन भाजपा सरकार ने 9 जिला पंचायतों में ओबीसी को अध्यक्ष/उपाध्यक्ष पद देकर इस वर्ग को साध लिया है। जबकि आरक्षण के समय कांग्रेस ने भाजपा सरकार को ओबीसी विरोधी बताया था। ऐसे में अब अब सवाल है कि राज्य की सरकार को ओबीसी के मुद्दे पर घेरने के लिए कांग्रेस के पास कोई नई रणनीति है या नहीं?

**ओबीसी वर्ग से माफी मांगें भूपेश**



इसी बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए डिप्टी सीएम अरुण साव ने कहा, भूपेश बघेल ओबीसी वर्ग से माफी मांगें। भाजपा सरकार में 9 जिला पंचायत अध्यक्ष ओबीसी वर्ग से बने हैं। कांग्रेस सरकार में ओबीसी के साथ अन्याय हुआ था। भूपेश के मुंह से ओबीसी हित की बात शोभा नहीं देती। भूपेश बघेल और कांग्रेस ने ओबीसी के बीच भ्रम फैलाया और भड़काने का काम किया।

## किडनी रोग, महासमुंद गरियाबंद, कांकेर संवेदनशील

**रायपुर।** विश्व किडनी दिवस के अवसर पर गुरुवार को एम्स आयोजित सीएमई में सीकेडी पर किए गए विभिन्न शोध अध्ययनों के निष्कर्षों पर चर्चा की गई। डॉ. विनय राठौड़ ने बताया कि विभाग को महासमुंद, गरियाबंद, कांकेर और ओडिशा के आसपास के क्षेत्रों से अधिकांश मामले मिल रहे हैं। कृषि कार्य के दौरान बार-बार होने वाली पानी की कमी, तंबाकू का सेवन और अव्यावासिक दर्दनाशक व हर्बल दवाओं का उपयोग महत्वपूर्ण जोखिम कारक हैं। उन्होंने यह भी बताया कि इन क्षेत्रों में फ्लोराइड की मात्रा अधिक है, जो किडनी को नुकसान पहुंचा सकती है। नेफ्रोलॉजी विभाग में प्रतिवर्ष 22 हजार मरीज आते हैं, जिनमें से लगभग 35 सौ नए होते हैं। सीएमई में राज्य नोडल अधिकारी प्रोफेसर कमलेश जैन, नेफ्रोलॉजिस्ट डॉ. वरुण अग्रवाल के साथ डॉ. साईंनाथ पट्टेवार, प्रो. अभिरुचि गल्होत्रा और प्रोफेसर तुषार जगजापे ने व्याख्यान दिए।

## खबर संक्षेप

### चैंबर चुनाव में अग्रवाल समाज को नहीं मिला प्रतिनिधित्व

रायपुर। छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के त्रैवार्षिक चुनाव को लेकर मचा घमासान थमने का नाम नहीं ले रहा है। चैंबर चुनाव में सिंधी समाज के बाद दूसरे नंबर पर अहम उपस्थिति दर्शाने वाले अग्रवाल समाज को इस बार चैंबर चुनाव में प्रमुखता नहीं दी गई है। इस उपेक्षा को लेकर समाजजनों में खासी नाराजगी व्याप्त है। होली मिलन के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में समाजजनों में इस बात को लेकर रोष देखा गया। अग्रवाल समाज की ओर से 11 सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया है, जो चैंबर चुनाव में समाज के फैसले को लेकर रणनीति तैयार करेगी। चैंबर चुनाव में अग्रवाल समाज को नजरअंदाज किए जाने को लेकर नाराजगी के स्वर उभरने लगे हैं। इस बार समुचित प्रतिनिधित्व दोनों ही पैनल से नहीं मिल पाने को लेकर समाजजन नाराज हैं। सूत्रों के मुताबिक, राजधानी में हुए समाज के होली मिलन समारोह में इस बात को लेकर चर्चा रही कि चैंबर चुनाव में समाज को तवज्जो नहीं दी गई है। अग्रवाल समाज की ओर से 11 सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया है। ये कमेटी चैंबर चुनाव में समाज के फैसले को लेकर रणनीति बनाएगी। सूत्रों के मुताबिक, कमेटी की एक अहम बैठक सोमवार को जवाहर नगर स्थित अग्रसेन भवन में रखी गई है, जिसमें चैंबर चुनाव को लेकर समाज के लोगों को इसमें कैसे प्रतिनिधित्व मिले, इस बात पर प्रमुखता से चर्चा होगी।

## निधन

### शकुन देवी



रायपुर। चंगोराभाठा रायपुरा निवासी शकुन देवी (55) का 16 मार्च को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 17 मार्च को सुबह 10 बजे निवास स्थान से महादेवघाट श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे शिवकुमार साहू की पत्नी, बिहारी साहू की भाभी एवं संतोष, पारस की माता थीं।

### सुशीला बाई शर्मा



रायपुर। पुरानी बस्ती निवासी सुशीला बाई शर्मा (ग्राम सिकोला पाटन वाले) का 14 मार्च को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार किया गया। वे राकेश शर्मा की माता और हर्ष, मोंटी की दादी थीं।

### मोहिनी देवी दानी



रायपुर। दानीपारा निवासी मोहिनी देवी का 15 मार्च को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 16 मार्च को मारवाड़ी श्मशानघाट में किया गया। वे आलोक दानी, आशीष दानी, सीमा गोयल एवं शिल्पी अग्रवाल की माता थीं।

# होली के कारण 12वीं की परीक्षा में शामिल न होने वाले छात्रों को मिलेगा दूसरा मौका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

15 मार्च को सीबीएसई द्वारा कक्षा बारहवीं की हिंदी की परीक्षा आयोजित की गई थी। जो छात्र होली के कारण इस दिन परीक्षा नहीं दिला पाए हैं, उनके लिए पुनः परीक्षा आयोजित की जाएगी। इसके लिए बोर्ड द्वारा आदेश जारी कर दिया गया है।

खास खबर

बोर्ड के अनुसार, देश के अधिकतर हिस्सों में होली का त्योहार 14 मार्च को मना गया, लेकिन कुछ क्षेत्रों में यह उत्सव 15 मार्च को होगा या 14 मार्च की गतिविधियों का विस्तार 15 मार्च तक हो सकता है। इसे देखते हुए यह व्यवस्था की गई है।

सीबीएसई के मुताबिक, जिन छात्रों को होली के कारण 15 मार्च को होने वाली हिंदी की बोर्ड परीक्षा में शामिल होने में कठिनाई होगी, उन्हें परीक्षा देने का दूसरा अवसर प्रदान किया जाएगा। दरअसल, सीबीएसई ने बोर्ड परीक्षाओं की तारीखों की घोषणा तीन महीने पहले कर दी थी।

इस कदम का उद्देश्य छात्रों को अपनी पढ़ाई की योजना बनाने और समय का बेहतर प्रबंधन करने में मदद करना था। इसके तहत, कक्षा 12वीं के लिए हिंदी कोर और हिंदी ऐच्छिक की परीक्षा 15 मार्च को निर्धारित की गई थी।

## देश के कुछ हिस्सों में 15 मार्च को भी मनाई गई होली, इन छात्रों के लिए विशेष व्यवस्था

### तय समय पर हुई परीक्षा

राजधानी रायपुर सहित प्रदेश के अन्य जिलों में 15 मार्च को हिंदी की परीक्षा तय समय पर आयोजित हुई, लेकिन जिन छात्रों को इस दिन परीक्षा में उपस्थित होने में असुविधा हुई अथवा वे होली संबंधित कारणों से परीक्षा में शामिल नहीं हो पाए, उन्हें दोबारा मौका दिया जाएगा। सीबीएसई के फैसले के अनुसार, ऐसे छात्र उस विशेष परीक्षा में शामिल हो सकेंगे, जो बोर्ड की नीति के तहत राष्ट्रीय या अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खेल आयोजनों में भाग लेने वाले छात्रों के लिए आयोजित की जाती है। सीबीएसई ने कहा, इस फैसले के जरिए छात्रों के कल्याण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है।



### करना होगा सूचित

जो विद्यार्थी 15 मार्च को आयोजित की गई हिंदी की परीक्षा में शामिल नहीं हो पाए हैं। उन्हें इसकी सूचना बोर्ड को प्रदान करनी होगी। इसके अधार पर ही सीबीएसई द्वारा ऐसे छात्रों के लिए परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। इन छात्रों को रिजल्ट में अनुपस्थित नहीं दिखाया जाएगा बल्कि दोबारा परीक्षा आयोजित की जाएगी। इसके लिए पृथक समय-सारिणी बाद में जारी की जाएगी।

## रंगों की मस्ती में ज्यादा हुई घटनाएं, सरकारी अस्पतालों में इमरजेंसी में इलाज

# सरकारी अस्पतालों में गहमागहमी, मारपीट और एक्सीडेंट के बाद 275 लोग पहुंचे अस्पताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

होली की खुमारी के बीच एक्सीडेंट, गिरने-पड़ने और मारपीट होने की घटनाएं भी जमकर घटीं। अप्रिय घटनाओं में आहत होने वाले लोगों के इलाज के लिए अवकाश के दिन सरकारी अस्पताल इमरजेंसी मोड में सक्रिय रहे, जहां गहमागहमी की स्थिति बनी रही। पिछले दो दिन के भीतर केवल 108 एंबुलेंस की मदद से 275 लोग इलाज के लिए अस्पताल पहुंचे, वहीं 100 के करीब अपने साधनों से इलाज के लिए आए। होली की छुट्टी के दिन सरकारी अस्पतालों में बाह्य रोग विभाग बंद था, मगर इमरजेंसी सेवा को बहाल रखा गया था। जहां इलाज के लिए विभिन्न कारणों से चोटिल होकर काफी लोग पहुंचे। होली का माहौल होलिका दहन यानी गुरुवार से बन गया था और शुक्रवार तक इसके साइड इफेक्ट भी नजर आते रहे। 108 संजीवनी एबुलेंस सेवा के आंकड़ों के अनुसार, विभिन्न तरह के मामलों में कुल 275 लोगों को उनकी सेवा की जरूरत पड़ी।

■ एक्सीडेंटल केस मारपीट और गंभीर चोट की सूचनाओं पर दौड़ती रही 108 एंबुलेंस

सूचनाओं के आधार पर एंबुलेंस में तैनात चिकित्सकीय टीम उन्हें उपचार के लिए अस्पताल तक पहुंचाती रही। इसके अलावा करीब सौ की संख्या में लोग इलाज की खातिर अपनी व्यवस्था के तहत अस्पताल पहुंचे। स्वास्थ्य विभाग के आदेश पर सरकारी अस्पतालों के सूचनाओं पर मदद के लिए 108 संजीवनी सेवा के अलर्ट मोड पर रखा गया था। एंबुलेंस सेवा के लिए हर कॉल को गंभीरता से लेने और त्वरित एक्शन लेने की हिदायत दी गई थी। रायपुर समेत राज्य के अनुसार, प्रदेश के अन्य जिलों में आहत मरीजों को अस्पताल तक पहुंचाने एंबुलेंस घटनास्थल से लेकर नजदीकी मेडिकल कॉलेज के अस्पताल, जिला अस्पताल अथवा स्वास्थ्य केंद्रों तक दौड़ती रहीं।

## पिछले साल की तुलना में इस बार दुर्घटना के मामले ज्यादा



### लड़ने-भिड़ने से 43 घायल

पिछले साल की तुलना में इस बार एक्सीडेंट के ज्यादा मामले सामने आए। होलिका दहन के दिन 116 लोगों को विभिन्न दुर्घटनाओं के बाद इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। वहीं त्योहार की खुमारी में आपस में लड़ने-भिड़ने के बाद घायल हुए 43 लोगों को अस्पताल ले जाया गया। दूसरे दिन यानी 15 मार्च को एक्सीडेंट के 91 तथा मारपीट जैसे मामलों में 25 लोगों को इलाज के लिए अस्पताल लाया गया।

### आंबेडकर अस्पताल में भीड़

होली के दौरान आंबेडकर अस्पताल में शुक्रवार को छुट्टी रही, वहीं शनिवार को ओपीडी सेवा बहाल थी, मगर गिनती के मरीज ही वहां इलाज के लिए पहुंचे थे। दोनों दिन इमरजेंसी विभाग में मरीजों की संख्या अधिक रही। एमएलसी के करीब 20 मामले आए, 50 प्रकरणों जिसमें एक्सीडेंटल घटनाओं में लोग सीधे अस्पताल पहुंचे और 30 के करीब दूसरे स्वास्थ्य केंद्रों से प्राथमिक उपचार के बाद यहां रेफर किया गया।

### आज से व्यवस्था सामान्य

सोमवार से आंबेडकर, जिला अस्पताल तथा अन्य अस्पतालों में ओपीडी समेत अन्य उपचार व्यवस्था सामान्य होने का अनुमान है। शुक्रवार को होली के बाद शनिवार और रविवार को इसका असर नजर आया। होली के दौरान अस्पताल में भर्ती मरीजों की संख्या भी कम हो गई थी, त्योहार का माहौल होने के कारण भीड़भाड़ भी काफी कम रही। बाहर से आए मरीजों के परिजन भी अपने घर चले गए थे। वहीं अस्पताल स्टॉफ एवं चिकित्सक भी बड़ी संख्या में अवकाश पर रहे, जिसके सोमवार से सामान्य होने की उम्मीद है।

# टिकैत बोले- काले कृषि कानून किसानों पर थोप रही केंद्र सरकार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं संयुक्त किसान मोर्चा के नेता चौधरी राकेश टिकैत ने कहा है कि केंद्र सरकार काले कृषि कानून किसानों पर थोपना चाह रही है। कृषि क्षेत्र का निगमीकरण करने की मंशा रखती है केंद्र सरकार। इसका पुरजोर विरोध देशभर में हो रहा है। किसानों की पंचायत कर उन्हें संगठित करने देशव्यापी अभियान चलाया जा रहा है। छत्तीसगढ़ के 4 दिवसीय प्रवास पर राजधानी रायपुर पहुंचे भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने पत्रकारों से चर्चा में ये बातें कही। छत्तीसगढ़ में केंद्र द्वारा धान के समर्थन मूल्य में 117 रुपये प्रति क्विंटल वृद्धि किसानों को नहीं मिलने, रासायनिक खाद की खुलेआम कालाबाजारी, छुट्टे घूमने वाले मवेशियों से किसानों व आम राहगीरों को होने वाली परेशानी पर भी उन्होंने चर्चा की।

■ भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता पहुंचे छत्तीगसढ़ प्रवास पर

राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने पत्रकारों के साथ चर्चा में कहा कि केंद्र सरकार द्वारा जबरदस्ती लाए गए कॉर्पोरेट परस्त किसान कृषि और आम उपभोक्ता विरोधी कानून के खिलाफ चले 13 महीने की आंदोलन में केंद्र सरकार ने हालांकि कानून वापस ले लिया, पर किसानों से उस दौरान सभी फसलों के लिए स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों के अनुरूप सभी फसलों का समर्थन मूल्य के लिए कानूनी गारंटी लागू करने का वादा पूरा नहीं किया। साथ ही आंदोलनकारी किसानों पर लगे कानूनी मामलों को वापस लेने, आंदोलन के दौरान शहीद हुए किसानों के परिवारों को पर्याप्त मुआवजा देने का लिखित आश्वासन पूरा नहीं किया गया है।

विदित हो कि किसान नेता राकेश टिकैत 17 मार्च को ओडिशा के बरगढ़ में किसान पंचायत को संबोधित करेंगे। इसी तरह 18 तारीख को महासमुंद जिले के गौरिया और 19 तारीख को धमतरी में आयोजित किसान पंचायत को संबोधित करेंगे।

# पंडित मिश्र की पुण्यतिथि पर लगाया निशुल्क स्वास्थ्य शिविर

रायपुर। तिल्दा विकासखंड के ग्राम मुरा में रविवार को प्रख्यात स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पं. लखन लाल मिश्र की पुण्यतिथि के अवसर पर निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। यह स्वास्थ्य शिविर उनकी स्मृति में आयोजित 25वां शिविर था, जिसमें आसपास के लगभग 40 गांवों से हजारों ग्रामीणों ने भाग लिया। फ्रीडम फाइटर पं. मिश्र के गांव में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में छत्तीसगढ़ स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी संगठन के पदाधिकारियों द्वारा ग्राम मुरा पहुंचकर उनके चित्र पर पुष्पांजलि कर आगामी वर्ष से अपनी सेवाएं प्रदान करने की घोषणा भी की गई। साथ ही पं. मिश्र की कर्मभूमि ग्राम मुरा की पावन माटी को लेकर दिल्ली के पुराने संसद भवन में भेजने के लिए पं. मिश्र के सुपुत्र जीएस मिश्रा से ग्राम मुरा की पावन माटी को लिया गया। ज्ञात हो कि दिल्ली के पुराने संसद भवन में पूरे भारत से स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की जन्मस्थली व कर्मभूमि की मिट्टी को संग्रहित किया जा रहा है। इसी कड़ी में ग्राम मुरा की मिट्टी को भी संग्रहित किया गया। साथ ही स्वास्थ्य शिविर में आने वाले लाभार्थियों की जांच संबंधित राशि पं. मिश्र के सुपुत्र गणेशशंकर मिश्रा द्वारा वहन की जाती है।

■ संसद भवन के लिए भेजी गई फ्रीडम फाइटर के गांव की मिट्टी



## पेज 09 के शेष ...

### जमीन पर लोटकर...

परिजनों को फोन कर मौके पर उपस्थित पुलिसकर्मी से बात कराने कोशिश की। पुलिस कार्रवाई से परेशान नाबालिग जमीन पर लोट मारकर रोने लगा और दोबारा ट्रिपल सवारी बाइक नहीं चलाने की दुहाई देने लगा।

### छाएंगे थोड़े बादल ...

है, मगर इस बार गर्मी पहले ही अपना असर दिखाने लगी है और होली पर तो इसने कोई कसर नहीं छोड़ी। गर्मी के तेवर गुरुवार यानी होलिका दहन के दिन ही दिखने लगे थे और मौसम विभाग को लू का अलर्ट जारी करना पड़ गया था। इसके बाद शुक्रवार यानी रंग-गुलाल के दिन भी तेज गर्मी रही। शनिवार को प्रचंड गर्मी ने रायपुर समेत पूरे प्रदेश को झुलसाकर रख दिया और अधिकतम तापमान 40 डिग्री से ऊपर हो गया। रविवार को पारा थोड़ा नरम तो पड़ा, मगर साथ में चल रही तेज हवा के वजह से लू का अहसास होता रहा।

### फिल्मी गानों पर ...

महिलाएं तथा बच्चे भी शामिल हुए। इस दौरान पुलिस अफसरों तथा कलेक्टर ने पुलिसकर्मियों का मुंह मीठा कराकर उन्हें होली की बधाई दी। नगाड़े की थाप, फाग तथा फिल्मी गानों के धुन सुनकर अफसर खुद को रोक नहीं पाए और खुद नगाड़ा बजाने के साथ ही फाग गाया तथा फिल्मी गानों पर जमकर थिरके। पुलिस अफसर तथा कलेक्टर ने सुबह 9 से 11 बजे तक पुलिस लाइन में पुलिसकर्मियों के साथ होली खेली।

### सोना पहली बार...

बीते साल तो निवेश के मामले में इसने रिकॉर्ड भी बना दिया। पहली बार सोने में जहां 20 फीसदी का रिटर्न मिला है, वहीं चांदी में 17 फीसदी रिटर्न मिला है। यही वजह है कि बीते साल छत्तीसगढ़ में आठ हजार करोड़ से ज्यादा का निवेश हुआ है। प्रदेश में सोने-चांदी का रोज का करीब 50 करोड़ का कारोबार होता है, इसमें 50 फीसदी निवेशकों का रहता है। सोने की कीमत बीते साल रिकॉर्ड 82 हजार के पार भी गई और चांदी के दाम भी एक लाख के पार गए। इस साल सोने की कीमत बीते साल से ज्यादा तेजी से बढ़ रही है।

### दोस्तों संग घूमने गए...

ने अपने स्तर पर ओमप्रकाश को बचाने की कोशिश की, लेकिन किसी को तैरना नहीं आता था। इस वजह से कोई नदी में नहीं उतरा। पुलिस को ओमप्रकाश के खुदकुशी करने की आशंका है। घटनास्थल के पास मृतक की स्कूटी मिली है। ओमप्रकाश ने दसवीं तक पढ़ाई की है।

### आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 3189 दिनांक 26.03.2012 के द्वारा नवा रायपुर अटल नगर सेक्टर-29 में प्रकोष्ठ भवन क्रमांक- एल.आई.जी. फ्लैट भू-तल - 20/008 को श्रीमती नीतू धाडीवाल पति श्री गौतम चंद धाडीवाल के नाम स्व - वित्तीय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा पंजीयन कार्यालय रायपुर से दिनांक 27.06.2016 को लीजडीड का निष्पादन करा लिया गया है। पूर्ण राशि जमा कर फ्लैट का आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया है। वर्तमान में श्रीमती नीतू धाडीवाल पति श्री गौतमचंद धाडीवाल निवासीः- 210/24, गुरूकृपा वार्ड नं. 24, आमदी मंदिर वार्ड, दीपक नगर, दुर्ग तहसील व जिला - दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा उक्त फ्लैट को क्रेता श्री संतोष कुमार सिंह पिता श्री तारक नाथ सिंह निवासीः- वार्ड नं. 09, साहू पारा, ग्राम - कुहेरा, नवा रायपुर, थाना- राखी, तहसील- आरंग, जिला - रायपुर (छ.ग.) को विक्रय करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी) प्रदाय करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः नवा रायपुर सेक्टर - 29 में स्थित प्रकोष्ठ भवन क्रमांक - एल.आई.जी. फ्लैट, भू-तल - 20/008 के विक्रय के सबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्ध्दशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तिय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**प्रक्षेत्र नवा रायपुर अटल नगर**

### आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 2854 दिनांक 24.03.2012 के द्वारा नवा रायपुर अटल नगर सेक्टर - 29 में प्रकोष्ठ भवन क्रमांक - एम. आई.जी. - । फ्लैट, मीड - तल- 01/206 को श्रीमती आस्था सक्सेना पति श्री अरूण सक्सेना के नाम स्व-वित्तीय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा पंजीयन कार्यालय रायपुर से दिनांक 16.09.2015 को लीजडीड का निष्पादन करा लिया गया है। पूर्ण राशि जमा कर फ्लैट का आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया है। वर्तमान में श्रीमती आस्था सक्सेना पति श्री अरूण सक्सेना निवासीः- भारत गैस गोडाउन के पास, लक्ष्मी नगर, पचपेड़ी नाका रायपुर, तहसील व जिला - रायपुर (छ.ग.) के द्वारा उक्त फ्लैट को क्रेता श्री मनीष कुमार मानवटकर पिता श्री श्याम राव मानवटकर निवासी :- राजातालाब, कछेरी चौक, रायपुर तहसील व जिला - रायपुर (छ.ग.) को विक्रय करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी) प्रदाय करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः नवा रायपुर सेक्टर - 29 में स्थित प्रकोष्ठ भवन क्रमांक - एम.आई.जी. - । फ्लैट, मीड - तल-01/206 के विक्रय के सबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्ध्दशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तिय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**प्रक्षेत्र नवा रायपुर अटल नगर**







# साउथ बिहार एक्सप्रेस के एसी कोच में चूहों ने बनाया बिल, यात्रियों का सामान कर रहे बर्बाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

मंडल की प्रमुख ट्रेनों में से एक साउथ बिहार एक्सप्रेस में चूहों के आतंक से यात्री और रेलवे प्रशासन दोनों ही परेशान हैं। ट्रेन में चूहे न केवल यात्रियों का सामान बर्बाद कर रहे हैं, बल्कि सीटों को भी कुतरने लगे हैं। चूहों से परेशान यात्री अब वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर डालने लगे हैं, जो अब देशभर में चर्चा का विषय बन गया है। हाल ही में प्रशांत कुमार नामक यात्री ने सेंकंड एसी कोच में चूहे दौड़ने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड किया था, जिसे रेलवे बोर्ड को भी टैग किया गया था। वीडियो में देखा जा सकता है कि कोच में कई छोटे चूहे थे, जो चादर और सीट पर रेंग रहे थे। खास बात ये भी है कि कोच में चूहों ने अपना बिल बना लिया है और वे खाने की तलाश में यात्रियों के सामान से लेकर सीटों के नीचे तक पहुंच रहे हैं।

**खास खबर**

यात्री ने अपनी शिकायत में लिखा, पीएनआर 6649339230, ट्रेन 13288, कोच ए-1 में कई चूहे हैं। चूहे सीटों और सामान पर चढ़ रहे हैं। क्या यही वजह है कि मैंने एसी-2 क्लास के लिए इतना पैसा चुकाया? यह स्थिति अब रेलवे प्रशासन के लिए एक गंभीर समस्या बन चुकी है।

## कोच में बने बिल से निकलकर खाने की तलाश में यात्रियों के सामान कुतर रहे

- यात्री ने वीडियो बनाकर एक्स पर किया अपलोड
- रायपुर मंडल की प्रमुख ट्रेनों में शामिल है साउथ बिहार एक्सप्रेस

### पेस्ट कंट्रोल पर लाखों रुपए हो रहे खर्च

ट्रेनों के साथ-साथ चूहों का आतंक प्लेटफार्म पर भी बढ़ने लगा है। चूहे रेलवे की संपत्ति को बड़ा नुकसान न पहुंचा दें, इसकी चिंता रेलवे बोर्ड को भी है। यही वजह है कि मंडल और जोन में पेस्ट कंट्रोल पर रेलवे हर महीने लाखों रुपए खर्च कर रहा है। जानकारी के मुताबिक, जोन की ट्रेनों में पेस्ट कंट्रोल के नाम पर महीने में 8 लाख से भी अधिक खर्च किए जा रहे हैं। सालाना 90 लाख से 1 करोड़ तक खर्च हो रहे हैं। हर दिनों पटरियों पर छिड़काव किया जा रहा है।






### इस तरह ट्रेनों में होता है छिड़काव

कीटनाशक छिड़काव के उद्देश्य से प्रत्येक ट्रेन के लिए एक शेड्यूल तैयार किया जाता है। छिड़काव से पहले, ट्रेन के हर कोच में ड्राई स्वीपिंग यानी झाड़ू लगाई जाती है। प्रभाव को बढ़ाने के लिए तय समय पर केमिकल बदला जाता है। पेंट्रीकार के मामले में प्लेटफॉर्म पर पूरे कोच को खाली कर लिया जाता है, फिर अच्छे से सफाई की जाती है, कोच में धुआं किया जाता है और फिर पेंट्रीकार को 48 घंटों के लिए सील कर दिया जाता है। यह सब निश्चित समय के अंतराल पर किया जाता है। रेलवे का मानना है कि कीटों और चूहों की इस नियंत्रण प्रक्रिया के कारण उसे अब तक काफी फायदा हुआ है।

### सफाई के बाद भी कोच तक पहुंच रहे चूहे

साउथ बिहार एक्सप्रेस जैसी अन्य ट्रेनों में भी चूहों को लेकर यात्रियों की शिकायतें रेलवे को पहले भी मिल चुकी हैं। स्लीपर क्लास के साथ-साथ अब एसी कोच में भी चूहों ने बड़ी संख्या में बिल बना लिए हैं। यात्रियों के अनुसार, जब ट्रेन खड़ी रहती है तो एसी कोच की छत से चूहे घुस आते हैं। रात होते ही वे सबसे पहले पेंट्रीकार या उस जगह पहुंच जाते हैं, जहां खाने-पीने का सामान रखा होता है। अंधेरा होने पर चूहे एसी कोच में यात्रियों के बर्थ तक पहुंच जाते हैं और कई बार तो उनके कपड़े तक कुतर चुके हैं।

## खबर संक्षेप



### आदर्श मंडल ने नशामुक्त मनाया होली पर्व

रायपुर। पुरानी बस्ती स्थित राज ठेठवार परिवार चौक में आदर्श मंडल द्वारा नशामुक्त होकर होली पर्व मनाया गया। समिति के सभी लोगों ने एक-दूसरे पर रंग गुलाल लगाकर होली की बधाई दी और आने जाने वाले के लिए ड्रम में रंग घोलकर सभी को रंगीन कर दिया। इसी दौरान बच्चे, बुजुर्गों ने भी फिल्मी गाने एवं फाग का खूब लुत्फ उठाया। सभी मस्ती में झूमने व थिरकने लगे। कार्यक्रम में गजेश यदु, प्रवीण झा, देवेंद्र शर्मा, राजकुमार पांडे, प्रवीण झा, ललित यदु, सत्येंद्र श्रीवास्तव, नवीन यदु, श्रीतिक आदि शामिल थे।

### नशामुक्त तरीके से होली मनाने किया प्रेरित



रायपुर। सामाजिक संस्था नशामुक्ति अभियान समिति द्वारा रायपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के कोटा में उत्साहपूर्वक होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लोगों को होली के त्योहार को पर्यावरण के प्रति जागरूक और नशामुक्त तरीके से मनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में केमिकल रहित हरे, पीले और लाल गुलाल जैसे सूखे रंगों से होली खेली गई। नशामुक्ति अभियान समिति के संयोजक अधिवक्ता भगवानू नायक ने लोगों को होली के अवसर पर नशीले पदार्थों से दूर रहने और नशामुक्त समाज की स्थापना के लिए संकल्प दिलाया। श्री नायक ने कहा, होली खुशियों का त्योहार है, लेकिन नशे के कारण कई बार खुशियां दुख में बदल जाती हैं। नशामुक्त होली हमारे समाज के लिए जरूरी है। हमें नशामुक्त होली मनाकर समाज को एक स्वस्थ और खुशहाल दिशा देनी चाहिए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया और नशामुक्ति के संकल्प को मजबूती से अपनाया। समिति के जिला प्रभारी आशीष तांडी ने लोगों से अपील की कि वे नशे के खिलाफ जागरूकता फैलाएं और अपने आसपास के लोगों को भी नशामुक्त जीवन जीने के लिए प्रेरित किया।

**दोनों पैनल की सहमति से उम्मीदवार हुए तय**

### सतीश अध्यक्ष, अजय महामंत्री और निकेश कोषाध्यक्ष के लिए संयुक्त उम्मीदवार तय

# चैंबर चुनाव में उलटफेर, संविधान संशोधन निरस्त, अमर नहीं लड़ेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के चुनाव में नया मोड़ आ गया है। प्रत्याशियों की घोषणा के बाद संविधान संशोधन निरस्त होने के बीच बदले हुए समीकरण में जय व्यापार पैनल और एकता पैनल में चुनाव लड़ने को लेकर समझौता हो गया है। इसके तहत अध्यक्ष पद के लिए सतीश थौरानी, महामंत्री पद के लिए अजय भसीन और कोषाध्यक्ष पद के लिए निकेश बरड़िया दोनों पैनल के संयुक्त उम्मीदवार तय किए गए हैं। व्यापारी एकता पैनल के सह चुनाव संचालक राजेश वासवानी ने बताया कि तीन दिन पूर्व व्यापारी एकता पैनल और जय व्यापार पैनल के बीच चुनाव लड़ने को लेकर आम सहमति बनी।

वरिष्ठजनों की मध्यस्थता में दोनों पैनल के वरिष्ठ सदस्यों के विचार-विमर्श के बाद अध्यक्ष पद के लिए सतीश थौरानी, महामंत्री पद के लिए अजय भसीन और कोषाध्यक्ष पद के लिए नितेश बरड़िया का नाम तय किया गया। ये तीनों प्रत्याशी दोनों पैनलों के संयुक्त उम्मीदवार होंगे। नामांकन पत्र तीनों प्रत्याशी एक पैनल से भरेंगे। इस आशय का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया, ताकि व्यापारी समाज में एकजुटता का संदेश जाए। अन्य निर्वाचित एवं मनोनीत पदाधिकारी एवं जिलों के पदाधिकारियों का चयन गुण-दोष के आधार पर दोनों पैनल से किया जाएगा।







### अध्यक्ष-कोषाध्यक्ष एकता पैनल से

सहमति के आधार पर तय किए गए उम्मीदवारों में अध्यक्ष पद के उम्मीदवार सतीश थौरानी, कोषाध्यक्ष पद के उम्मीदवार निकेश बरड़िया व्यापारी एकता पैनल से हैं। वे अध्यक्ष और महामंत्री पद के उम्मीदवार थे। वहीं महामंत्री पद के उम्मीदवार अजय भसीन जय व्यापार पैनल के महामंत्री पद के उम्मीदवार घोषित किए गए थे।

### चुनाव समिति की हुई बैठक

वाणिज्य एवं उद्योग विभाग के आदेश पश्चात मुख्य निर्वाचन अधिकारी शिवराज भंसाली द्वारा चुनाव समिति की आवश्यक बैठक बुलाई गई। इस दौरान निर्वाचन अधिकारी शिवराज भंसाली, प्रकाशचंद गोलछा, केसी माहेश्वरी, रमेश गांधी, महावीर तालेड़ा, अनिल कुचेरिया, संजय जोशी, एचएस कर, एमएस रावते प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### इन जिलों में होगा चुनाव

प्रक्रिया के तहत प्रदेश अध्यक्ष, महामंत्री, कोषाध्यक्ष के साथ ही रायपुर सहित 26 जिलों के लिए 10 चरण में निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न होगी, जिसमें भिलाई और रायपुर जिले में दो दिवसीय मतदान प्रक्रिया पूरी की जाएगी। रायपुर जिले के लिए 8 उपाध्यक्ष, 8 मंत्री, और सरगुजा, सूरजपुर, मनेंद्रगढ़ - चिरमिरी, भरतपुर, गौरेला-पेंड्रा, मरवाही, धमतरी, दंतेवाड़ा, कांकेर, रायगढ़, जशपुर, सारंगढ़-बिलाईगढ़, दुर्ग, भिलाई, राजनांदगांव, कबीरधाम, बालोद, बिलासपुर, सक्ती, कोरबार जांजगीर-चांपा, मुंगेली, बेमेतरा, महासमुंद, गरियाबंद, बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में 1 उपाध्यक्ष और 1 महामंत्री पद के लिए मतदान होगा। साथ ही प्रदेश 3 पद अध्यक्ष, महामंत्री कोषाध्यक्ष के लिए सभी 27480 मतदाता मतदान करेंगे।

# दो साल इंतजार के बाद राजधानी से फिर विशाखापट्टनम के लिए फ्लाइट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



- समर शेड्यूल में शामिल 31 मार्च से सप्ताह में दो उड़ानें

दो साल पहले एयर इंडिया की फ्लाइट के साथ बंद हुई रायपुर-विशाखापट्टनम की फ्लाइट फिर से उड़ान भरेगी। निजी एयरलाइंस इंडिगो ने इसे अपने समर शेड्यूल में शामिल किया है और 31 मार्च को पहली फ्लाइट के लिए बुकिंग भी शुरू कर दी गई।

यह फ्लाइट सप्ताह में दो दिन सोमवार तथा शुक्रवार को संचालित होगी। इस फ्लाइट की डिमांड काफी समय से की जा रही थी और अंदाजा उसी एयरलाइंस कंपनी से पुनः शुरुआत से लगाया जा रहा था। वर्ष 2023 के पूर्व एयर इंडिया की फ्लाइट मुंबई, नागपुर, रायपुर और विशाखापट्टनम को जोड़ती थी। एयरलाइंस कंपनी द्वारा विमानों का संचालन रायपुर से बंद किए जाने के बाद विशाखापट्टनम से रायपुर की एयर कनेक्टिविटी खत्म हो गई थी। काफी लंबे समय से विशाखापट्टनम के लिए फ्लाइट शुरू करने का इंतजार किया जा रहा था। कुछ समय पहले विमानन कंपनी के वापस लौटने के दौरान यह अंदाजा लगाया जा रहा था कि कंपनी अपनी विशाखापट्टनम की उड़ान पुनः शुरू करेगी, मगर रायपुर से सबसे ज्यादा विमान का संचालन करने वाले इंडिगो ने समर शेड्यूल में इस उड़ान की घोषणा की है। रायपुर-विशाखापट्टनम की नियमित फ्लाइट 31 मार्च से शुरू होगी, जिसके लिए बुकिंग की जा रही है।

**भोपाल के लिए 4 दिन, प्रयागराज 2 दिन :** समर शेड्यूल के दौरान इंडिगो की एक फ्लाइट सप्ताह में चार दिन सोमवार, बुधवार, शुक्रवार और रविवार को भोपाल-रायपुर-भोपाल सेक्टर में भी संचालित होगी। यह फ्लाइट भोपाल से 9.40 बजे टेकऑफ होकर 11.10 बजे रायपुर पहुंचेगी। वापसी के दौरान रायपुर से 11.30 बजे रवाना होकर भोपाल में दोपहर 1 बजे लैंड होगी। इसी तरह प्रयागराज-रायपुर सेक्टर में 30 मार्च से शनिवार और रविवार को दो उड़ानों का संचालन किया जाएगा। यह फ्लाइट 6 ई 7295 रायपुर से 8.50 बजे रवाना होकर 10.25 बजे प्रयागराज पहुंचेगी। वापसी के दौरान प्रयागराज से 10.50 बजे उड़ान भरकर रायपुर 12.30 बजे रायपुर पहुंचेगी।

### मौदहापारा में नालियों पर अतिक्रमण को लेकर हुईं नाराज

# साफ-सफाई का जायजा लेने पर सड़क पर उतरीं महापौर मीनल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



महापौर मीनल चौबे रविवार को मौदहापारा मुख्य मार्ग पर लगने वाले संडे बाजार का निरीक्षण करने पहुंचीं। इस दौरान उन्होंने दुकानदारों को सड़क किनारे व्यवसाय करने की हिदायत दी, ताकि सड़क पर ट्रैफिक जाम की समस्या न हो। मौदहापारा में मारुति सेल्स शोरूम और केके रोड क्षेत्र में नालियों पर किए गए अतिक्रमण को लेकर वे जमकर बिफरीं। उन्होंने व्यापारियों से कहा कि तुरंत नालियों पर बनाए गए पाटे हटाएं। साथ ही निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए कि मशीनों से नालियों पर बने सभी पाटों को तोड़ा जाए।

होली त्योहार के बाद शहर की सफाई को लेकर महापौर मीनल चौबे रविवार को पैदल ही मौदहापारा, एमजी रोड और शारदा चौक, जयस्तंभ आदि इलाकों में निगम के अधिकारियों के साथ पहुंचीं।

- व्यापारियों को दी चेतावनी- नालियों पर बने पाटे तत्काल हटाएं, सड़क जाम से हो रही दिक्कत
- मौदहापारा, एमजी रोड, शारदा चौक जयस्तंभ चौक की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण

इस दौरान सफाई व्यवस्था को लेकर उन्होंने लोगों से बातचीत की। एमजी रोड स्थित नाइट चौपाटी पर प्लास्टिक डिस्पोजल बंद करने के उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। महापौर ने नालियों की सफाई नियमित रूप से कराने की हिदायत दी। उन्होंने कहा कि नगर निगम नालियों को पूरी तरह अतिक्रमण मुक्त करेगा और निर्देशों का पालन नहीं करने वालों पर सख्ती बरती जाएगी।

### हॉटल प्रबंधन को सफाई पर ध्यान देने की हिदायत

सुबह के समय शहर के सबसे व्यस्ततम क्षेत्र सदरबाजार, कोतवाली थाना, एमजी रोड पर सफाई व्यवस्था का जायजा लेने पहुंचीं महापौर ने एमजी रोड पर मंजू ममता होटल प्रबंधन को सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने और मौदहापारा में मारुति सेल्स के पाटे के कारण सफाई कार्य में आ रही दिक्कतों को लेकर निगम के अधिकारियों को कड़ी चेतावनी देने के साथ निर्देश भी दिए। महापौर मीनल चौबे ने कहा, शहर को स्वच्छ, सुंदर और सुव्यवस्थित बनाना हमारा संकल्प है। इसके लिए हमारी शहरी सरकार प्रतिबद्ध है। सफाई व्यवस्था के प्रत्यक्ष निरीक्षण के दौरान नगर निगम की स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणिग्रही, जोन 2 कमिश्नर डॉ. आरके डोंगरे सहित जोन स्वास्थ्य अधिकारी और स्वच्छता निरीक्षक उपस्थित रहे।

## प्राकृतिक मड थेरेपी, 19 से निशुल्क चिकित्सा शिविर

रायपुर। अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन छत्तीसगढ़ प्रांतीय इकाई द्वारा 19 से 25 मार्च तक रामनाथ भीमसेन सभा भवन समता कॉलोनी में निशुल्क प्राकृतिक मड थेरेपी चिकित्सा शिविर आयोजित है। शिविर कंचन सेवा संस्थान उदयपुर के प्रशिक्षित डॉक्टरों की टीम द्वारा सर्व समाज के लिए आयोजित है। इस मौके पर शिविर में कमरदर्द, घुटना दर्द, डायबिटीज, ब्लडप्रेशर, मोटापा, अनिद्रा, कब्ज, गैस, थायराइड, एसिडिटी, जलन मूत्र प्रॉब्लम, अल्सर, त्वचा संबंधी समस्या का उपचार किया जाएगा। अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के प्रदेश अध्यक्ष कृष्ण कुमार अग्रवाल, महामंत्री मुरली अग्रवाल, प्रचार प्रसार प्रभारी प्रमोद जैन ने बताया कि शिविर में शामिल होने के लिए पंजीयन कराना अनिवार्य है। कार्यक्रम के आयोजन को लेकर अलग-अलग समितियां बनाई गई हैं, जिसमें प्रमुख पंजीयन व्यवस्था समिति में अशोक गोयल, कर्तव्य अग्रवाल, प्रमोद जैन, विकास अग्रवाल, कैलाश अग्रवाल शामिल हैं। इसके अलावा भवन व्यवस्था, भोजन व्यवस्था और टैंट व्यवस्था के लिए समिति बनाई गई है। 23 मार्च को हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. सुनील गुनियाल एवं मधुमेह विशेषज्ञ डॉ. निमेश सिंघानिया, दंतरोग विशेषज्ञ डॉ. नीरज अग्रवाल द्वारा निशुल्क जांच कर मरीजों का उपचार किया जाएगा।

- समता कॉलोनी स्थित रामनाथ भीमसेन सभा भवन में आयोजन
- उदयपुर के प्रशिक्षित डॉक्टरों की टीम देगी सेवा

# होली में अकेले रायपुर में पियक्कड़ों ने गटकी 60 करोड़ की शराब, 150 करोड़ का चिकन भी चट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

इस बार होली पर्व के दौरान मांसाहार के शौकीन पिछले वर्ष की तुलना में ज्यादा चिकन-मटन और मछली चट कर गए। इसी तरह पियक्कड़ 60 करोड़ रुपए से ज्यादा के शराब गटक गए। इस वर्ष होली पर चिकन, मटन की बिक्री पिछले वर्ष की तुलना में 20 से 25 प्रतिशत ज्यादा हुई।

आबकारी विभाग के अफसरों के अनुसार, होली पर्व के आसपास शराब की बिक्री 15 से 20 प्रतिशत ज्यादा होती है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए आबकारी विभाग ने बेवरेज कॉर्पोरेशन के माध्यम से चार सौ करोड़ रुपए के अंग्रेजी शराब के साथ सौ से सवा सौ करोड़ रुपए के बीच देशी शराब का स्टॉक पहले से मंगाकर रख लिया था। आबकारी विभाग के अफसरों को रायपुर में 60 करोड़ रुपए से ज्यादा की शराब बिक्री होने का अनुमान था, इसलिए सभी शराब दुकानों पर होली के तीन दिन पूर्व सभी ब्रांड की शराब पर्याप्त मात्रा में स्टोरेज कराकर रखवा दी थी।

**हरिभूमि सरोकार**



- होली के एक दिन पूर्व 23 करोड़ से ज्यादा की शराब बिकी
- रेट कम होने से चिकन की मांग ज्यादा

### भ्रम के चलते शराब दुकानों पर उमड़ी भीड़

होली के एक दिन पूर्व गुरुवार को शाम 5 बजे शराब दुकान बंद होने को लेकर शौकीनों में भ्रम की स्थिति बनी हुई थी। इस वजह से शराब दुकान खुलने के साथ ही इसे खरीदने सुबह से भीड़ जमा होने लगी थी। शाम 5 बजे के बाद अपने निर्धारित समय तक शराब दुकानें खुली रहीं। बावजूद इसके शराब दुकानों पर शराब खरीदने वालों का तांता लगा रहा।

### मीडियम रेंज की शराब का टोटा

होली के अवसर पर मीडियम रेंज की शराब की बिक्री की मांग ज्यादा रही। इसके चलते शहर की ज्यादातर शराब दुकानों पर दोपहर 12 बजे के बाद मीडियम शराब का स्टॉक खत्म हो गया। मीडियम रेंज की शराब खत्म होने के बाद भी लोग महंगे ब्रांड की शराब खरीदने दुकानों में पहुंचते रहे।

### चिकन-मटन की दुकानों पर लंबी कतार

होली के दिन नॉनवेज के शौकीनों की चिकन मटन खरीदने दुकानों में लंबी कतार लगी रही। लोग लाइन में लगकर चिकन-मटन खरीदते नजर आए। छत्तीसगढ़ ब्रिडर हेचरी एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय ब्राम्हणकर के अनुसार, होली के दिन रायपुर में पांच लाख ब्रायलर चिकन की बिक्री हुई। साथ ही पूरे प्रदेश में एक दिन में साढ़े पांच हजार टन चिकन की बिक्री हुई। इसी तरह 15 करोड़ रुपए के करीब मटन तथा 60 करोड़ रुपए के करीब मछली की बिक्री हुई।

### इसलिए चिकन की मांग ज्यादा

हेचरी एसोसिएशन के अध्यक्ष के मुताबिक, पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष चिकन का रेट कम था। पिछले वर्ष चिकन प्रति किलो दो से सवा दो सौ रुपए था। इस वर्ष चिकन डेढ़ सौ से पौने दो सौ रुपए किलो तक बिका। इस वजह से भी चिकन की बिक्री में इजाफा हुआ।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 20,500/-
By Train-रिजर्वेशन कोच (14 दिन)
27 अप्रैल, 03 मई, 11 मई, 22 मई, 25 मई, 02 जून, 05 जून, 15 जून 2025
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
11 यात्रियों की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशिः-स्लीपर-20,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

# राजधानी का ऐसा अबूझ सामुदायिक भवन, जहां आने-जाने का रास्ता तक नहीं

- नगर निगम की कारस्तानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

शहर के बूढ़ापारा क्षेत्र में हनुमान मंदिर के पीछे एक ऐसा सामुदायिक भवन बनाया गया है, जिसका कई लोगों पता तक नहीं मालूम। नगर निगम ने 10 लाख रुपए खर्च कर लोगों के लिए सामाजिक, धार्मिक व पारिवारिक समारोह के प्रयोजन के उद्देश्य से यह भवन सालभर पहले बनाया, पर वहां तक आने-जाने का रास्ता किसी को पता ही नहीं है।

रायपुर दक्षिण के तत्कालीन विधायक बृजमोहन अग्रवाल ने वार्डवासियों की मांग पर विधायक निधि से राशि स्वीकृत कर सामुदायिक भवन बनाने का मौका दिया, पर अपने तरह का यह अबूझ सामुदायिक भवन लोगों की पहुंच से बाहर है। नगर निगम जोन-4 क्षेत्र स्थित स्वामी विवेकानंद-सदर बाजार वार्ड में निगम प्रशासन ने 10 लाख खर्च कर वार्डवासियों के लिए 1 वर्ष पहले ही नया सामुदायिक भवन बनवाया, पर भवन बनाते समय इस बात का ध्यान नहीं रखा गया कि सामुदायिक भवन आने-जाने का मार्ग किस ओर रहेगा। आसपास निर्माण होने से हालत ये हैं कि बूढ़ेश्वर चौक स्थित हनुमान मंदिर के पीछे वाली दीवार के पास टूटी हुई छोटी सी जगह को लांघकर यहां तक पहुंचना होता है। यह बात कई लोगों को नहीं मालूम है। लोगों ने जोन-4 दफ्तर का ध्यान इस ओर आकर्षित कराया है।






- सदर वार्ड में विधायक निधि से 10 लाख खर्च कर बनाया था सामुदायिक भवन

प्रशिक्षित ड्राइवर मंथली/डेली बेसिस पर उपलब्ध है
नोट - हमारे द्वारा प्रशिक्षित ड्राइवर ये सारे पॉइंट फॉलो करते है।
1. गाड़ी चलते समय पान मसाला / सिगरेट का सेवन नहीं करते है।
2. एक बार में फ़ोन उठाते है, कॉल मिस होने पर कॉल बैक करते है।
3. प्रतिदिन गाड़ी की साफ सफाई करते है।
4. गाड़ी हमेशा सुरक्षित स्पीड में चलाते है।
5. ड्यूटी के दौरान यूनीफॉम में रहते है।
अधिक जानकारी के लिए स्कैन करे।
संपर्क करें- 7837411411
Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
Beside Raipur Airport

हरिभूमि
रायपुर, सोमवार 17 मार्च 2025
लाइव
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937



## एजूकेशन अपडेट

### भारतीय थल सेना में 'अग्निवीर भर्ती' के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 10 अप्रैल



**रायपुर।** अग्निवीर की भर्ती जनरल, तकनीकी, क्लर्क, ट्रेडमैन (8वीं एवं 10वीं कक्षा उत्तीर्ण) महिला सैन्य पुलिस और रेगुलर कैडर भर्ती धर्म गुरु, नर्सिंग सहयोगी और सिपाही फार्मा के पदों के लिए अधिसूचना जारी की गई है। सेना में भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 12 मार्च से 10 अप्रैल तक खुली रहेगी। अग्निवीर क्लर्क के अभ्यर्थियों को ऑनलाइन परीक्षा (सीईई) के समय टाइपिंग टेस्ट भी देना होगा। ऑनलाइन परीक्षा (सीईई) जून 2025 के बाद होने की संभावना है। अन्य किसी भी प्रकार की जानकारी और समस्या के लिए सेना भर्ती कार्यालय रायपुर के टेलीफोन नंबर 0771-2965212 या 0771-2965214 पर संपर्क कर सकते हैं। बलरामपुर जिला रोजगार अधिकारी ने जानकारी दी है कि सेना भर्ती कार्यालय रायपुर द्वारा अग्निवीरों की भर्ती के लिए अधिसूचना जारी की गई है, जो भारतीय सेना की वेबसाइट ज्वाइन इंडियन आर्मी डॉट एनआईसी डॉट इन पर उपलब्ध है।

#### मत्स्य निरीक्षक भर्ती परीक्षा 23 मार्च को

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा 23 मार्च 2025 को संचालनालय मछली पालन विभाग के अंतर्गत मत्स्य निरीक्षक भर्ती परीक्षा (**FF**124) का आयोजन 23 मार्च 2025 को किया जाएगा। अभ्यर्थी 13 मार्च 2025 से छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल की आधिकारिक वेबसाइट **vyapamcg.cgstate.gov.in** से अपने प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त अभ्यर्थी पंजीकृत मोबाइल नंबर पर प्राप्त एसएमएस के यूआरएल को क्लिक कर सीधे अपने मोबाइल से प्रवेश पत्र प्राप्त कर प्रिंट आउट ले सकते हैं। प्रवेश पत्र के बिना किसी भी अभ्यर्थी को परीक्षा में शामिल होने की अनुमति नहीं दी जाएगी। परीक्षा केंद्र में मूल फोटो पहचान पत्र अनिवार्य रूप से लाना होगा। अधिक जानकारी के लिए हेल्पलाइन नंबर 0771-2972780 एवं मो. नं. +91-82698-01982 पर संपर्क किया जा सकता है।

# इंडिया ने मैच जीता रायपुरियंस ने दिल

## मास्टर्स लीग के फाइनल मैच में इंडिया ने 6 विकेट से जीता मैच



**रविवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में मास्टर्स लीग के फाइनल मैच की धूम रही। इंडिया और वेस्टइंडीज का मैच देखने हजारों की संख्या में प्रदेशभर से दर्शक पहुंचे थे। भारत की शानदार जीत ने रायपुरियंस का दिल जीत लिया। क्रिकेट के भगवान कहे जाने वाले सचिन तेंदुलकर और दिग्गज खिलाड़ी ब्रायन लारा की उपस्थिति ने रोमांच बढ़ा दिया।**

**रायपुर।** पहली पारी में फैंस ने अपने उत्साह से इंडियन बॉलर्स में जोश जगाते नजर आए। वहीं, दूसरी पारी में इंडियन टीम बल्लेबाजी करने उतरी तो फैंस का उत्साह देखते ही बन रहा था। मैच शुरू होने के पहले स्टेडियम के बाहर त्यौहार सा नजारा देखने को मिला। यहां जगह-जगह भारतीय टीम के टी शर्ट बिक रहे थे। फेस पेंटिंग से लेकर इंडियन फ्लैग के छोटे-छोटे स्टॉल नजर आए। मैच के बाद 10 मिनट तक जोरदार आतिशबाजी हुई।



फाइनल मैच में क्रिकेट जगत के दो महान खिलाड़ियों सचिन तेंदुलकर और ब्रायन लारा को खेलते हुए देखना बच्चों से लेकर युवाओं और बुजुर्गों तक सभी के लिए एक सपना था। उनकी खेल भावना और कड़ी मेहनत ने स्टेडियम में मौजूद हर व्यक्ति को मंत्रमुग्ध कर दिया। शाम 7.30 से रात 12 बजे तक दिग्गजों ने क्रिकेट प्रेमियों को रोमांच से भर दिया। मैच के दौरान हर चौके और छक्के पर दर्शकों ने जमकर जश्न मनाया। वहीं, अपने पसंदीदा खिलाड़ियों को चीयर करते हुए नजर आए। भारत की बल्लेबाजी में दर्शकों ने खुद को पूरी तरह से मैच में शामिल किया और हर एक रन पर अपना उत्साह व्यक्त किया।

### जब दर्शकों तक पहुंची गेंद

क्रिकेट से रिटायरमेंट के बाद भी इंडिया और वेस्टइंडीज मास्टर्स के दिग्गज खिलाड़ी शानदार बल्लेबाजी और गेंदबाजी का प्रदर्शन कर रहे हैं। युवराज सिंह और यूसुफ पठान ने मैदान में लंबी और दमदार छक्के लगाए, जिनमें से कई गेंदें पहली और दूसरी मंजिल पर मौजूद दर्शकों तक पहुंची। इस दौरान दर्शकों ने गेंद के साथ सेल्फी भी ली और इस रोमांचक पल का लुत्फ उठाया। बाउंड्री पर फिल्डिंग करते हुए कई खिलाड़ियों ने हाथ हिलाकर दर्शकों का उत्साह बढ़ाया और उन्हें खुश किया। यह मैच एक ऐतिहासिक और यादगार पल बन गया, जहां दिग्गज खिलाड़ियों और दर्शकों के बीच एक अनोखा जुड़ाव देखने को मिला।



### हजारों की संख्या में पहुंचे दर्शक

इंडिया और वेस्टइंडीज मास्टर्स के बीच मैच को देखने के लिए 20 हजार से भी अधिक दर्शक स्टेडियम में पहुंचे थे। दर्शक खासतौर पर सचिन तेंदुलकर, युवराज सिंह, यूसुफ पठान और इरफान पठान के फैंस अपनी पसंदीदा खिलाड़ियों की नाम वाली टी-शर्ट पहनकर आए थे। कई दर्शक इंडिया की जर्सी में तो कई ने चेहरों पर तिरंगा लगा रखा था। मैच के दौरान दर्शक अपनी पसंदीदा खिलाड़ियों को करीब से देखने के लिए बेताब थे। हर ओवर के बाद खिलाड़ियों ने जोश के साथ जश्न मनाया। वहीं, जब इंडिया का विकेट गिरता, तो स्टेडियम में सन्नाटा छा जाता, जबकि छक्के और चौके लगते, तो दर्शक खुशी से झूम उठते थे।





## सिटी इवेंट

### महिलाएं समाज की धुरी, देश को सशक्त बनाने महत्वपूर्ण योगदान



**रायपुर।** देवांगन जन कल्याण समिति के तत्वावधान में परमेश्वरी भवन प्रगति नगर रिसाली में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस समारोह का आयोजन संपन्न हुआ। इस दौरान सभी वक्ताओं ने एक स्वर से कहा कि महिलाएं समाज की धुरी हैं। उनकी उपेक्षा एवं अपमान बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने महिलाओं से कहा कि महिलाएं अपनी ताकत पहचाने तथा सुखी परिवार एवं समृद्ध समाज के निर्माण में अग्रणी भूमिका निभाए। इस अवसर पर महापौर शशि सिन्हा, जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे, डॉ. लता देवांगन, पूर्व प्राचार्य प्रभा देवांगन, जिला महिला देवांगन समाज की अध्यक्ष कीर्ति देवांगन, सचिव फुलवा देवांगन, भिलाई 3 महिला सचिव दीपिका देवांगन उपस्थित थे। देर रात तक चले समारोह में उपस्थित सभी महिलाओं का समिति द्वारा सम्मान किया गया।

#### महिलाएं सृष्टि की अनुपम रचना

समारोह को संबोधित करते हुए समिति के अध्यक्ष घनश्याम कुमार देवांगन ने कहा कि सशक्त महिलाएं ही परिवार, समाज एवं देश को सशक्त बनाती हैं। इसलिए महिला सशक्तिकरण जरूरी है। महापौर शशि सिन्हा ने कहा कि महिलाएं सृष्टि की अनुपम रचना है, उसका सम्मान करें। उन्होंने महिलाओं को आगे आकर अपनी प्रतिभा दिखाने का आव्हान किया। जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे ने महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनने पर जोर दिया। सुमन देवांगन एवं कल्पना भानु देवांगन द्वारा समाज की महिलाओं के लिए रोचक, ज्ञानवर्धक एवं मनोरंजक कार्यक्रम और विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।



#### रोचक प्रश्नोत्तरी का भी आयोजन

समारोह को डॉ. लता देवांगन, सुमित्रा देवांगन, नेक प्रभा देवांगन, मधुबाला देवांगन, दीपिका देवांगन, माहेश्वरी देवांगन ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर महिलाओं पर केंद्रित रोचक प्रश्नोत्तरी का भी आयोजन किया गया। सही उत्तर देने वाली विजेता महिलाओं को स्पॉट पर ही पुरस्कृत किया गया। समारोह का संचालन सुमन देवांगन एवं आभार प्रदर्शन कल्पना भानु देवांगन ने किया।

## चिकित्सा महाविद्यालय के वार्षिक उत्सव यूफोरिया का आयोजन

कार्नर न्यूज

# महाभारत थीम पर पेश की नृत्य नाटिका नाटक में साइबर क्राइम का बताया सच



**रायपुर।** पंडित जवाहरलाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय में 'यूफोरिया इंपेटस' वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। मनोरंजन और उत्साव से भरपूर वार्षिकोत्सव में विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। इसमें पारंपरिक नृत्य, रैप वॉक मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने प्रत्येक राज्यों की भारतीय संस्कृति, परंपरा एवं त्योहारों को नृत्य के माध्यम से मंच पर प्रस्तुत किया। जिसमें गुजराती, पंजाबी, छत्तीसगढ़ी, मराठी, ओडिशा, असम, राजस्थानी राज्यों की संस्कृति शामिल रही। कार्यक्रम में महाविद्यालय के डीन डॉ. विवेक चौधरी, पैथोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. अरविंद नेरल, स्त्री एवं प्रसूति रोग विभागाध्यक्ष डॉ. ज्योति जायसवाल मौजूद रही।



### साइबर क्राइम पर आधारित नाटक का मंचन

एक पल का जीना फिर तो है जाना, तोफा क्या लेके जाए दिल ये बताना...कार्यक्रम की शुरुआत छात्रा आद्या शर्मा के गाने की प्रस्तुति के साथ हुई। मनमोहक प्रस्तुति ने दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया। जिसके बाद छात्रा मुस्कान साहू ने महाभारत की थीम पर एकल नृत्य नाटिका की प्रस्तुति दी, जिसमें द्रोपदी के चीरहरण का दृश्य और श्री कृष्ण के विकराल स्वरूप को दिखाया गया। शानदार प्रस्तुति ने दर्शकों से खूब तालियां बटोरी। इमसें एकल और सामूहिक नृत्य की प्रस्तुति दी गई। जिसके बाद लगातार सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। इस दौरान विद्यार्थी पारंपरिक वेशभूषा में नजर आए। इमसें पेशेवर द्धुविधा, साइबर मायाजाल और डॉक्टर के विरुद्ध हिंसा नाटक का मंचन भी किया गया। यह नाटक आधुनिकता के दौर में सामान्य व्यक्तियों के साथ साइबर क्राइम की घटना पर आधारित रहा, जिसे 10 से अधिक कलाकारों द्वारा मंचन किया गया।



**सिटी लाइव**

## सचिन तेंदुलकर से मिलने स्टेडियम पहुंचा महाराष्ट्र मंडल, शॉल देकर किया सम्मान



**रायपुर।** इंटरनेशनल मास्टर्स लीग खेलने के लिए रायपुर पहुंचे 'क्रिकेट के भगवान' सचिन रमेश तेंदुलकर का नवा रायपुर स्थित शहीद वीर नारायण अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में महाराष्ट्र मंडल ने सम्मान किया। इस मौके पर मंडल के प्रतिनिधि मंडल ने सचिन को महाराष्ट्र मंडल आमंत्रित किया। जिसे उन्होंने अपनी व्यस्तता का हवाला देते हुए अगले रायपुर विजिट में मंडल आने का वादा किया। मंडल उपाध्यक्ष गीता श्याम दलाल ने बताया कि अध्यक्ष अजय मधुकर काले, सचिव चेतन दंडवते, दिव्यांग बालिका विकास गृह के प्रभारी प्रसन्न निमोणकर, मुख्य समन्वयक श्याम सुंदर खंगन, भवन प्रभारी निरंजन पंडित, संत ज्ञानेश्वर स्कूल के प्रभारी परितोष डोनगांवकर, वरिष्ठ सभासद अनिल श्रीराम कालेले, भगीरथ कालेले, श्याम दलाल, आयुष्मान कालेले, सृजन दंडवते, गौरिश बापना ने सचिन तेंदुलकर का सूत माला, शॉल- श्रीफल और स्मृति चिन्ह से अभिनंदन किया। अध्यक्ष काले ने सचिन को महाराष्ट्र मंडल के 90 वर्षों का इतिहास बताया और मंडल के प्रकल्पों, विभिन्न समितियों और महिला मंडलों की गतिविधियों की जानकारी दी। जिसे सुनकर मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर काफी प्रभावित हुए।

### मंडल आने का किया वादा

*अनिल कालेले ने सचिन को महाराष्ट्र मंडल आने का निमंत्रण देते हुए बताया कि पहले भी सुनील गावस्कर, अजित वाडेकर, दिलीप वेंगसरकर जैसे कई अंतरराष्ट्रीय ख्यातनाम क्रिकेट खिलाड़ी यहां आ चुके हैं। सचिन ने मंडल के बारे में प्रतिनिधियों की बातें सुनकर आश्चर्य मिश्रित खुशी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि रविवार को फाइनल मैच और उससे पहले की तैयारियों को लेकर व्यस्तता के कारण इस समय महाराष्ट्र मंडल आना संभव नहीं हो पाएगा। लेकिन, वे अपने अगले रायपुर विजिट में महाराष्ट्र मंडल जरूर आना चाहेंगे। प्रसन्न निमोणकर ने सचिन को काफी व्यस्तता के बीच स्टेडियम परिसर में ही समय देने के लिए आभार माना।*

### सामाजिक संस्थाओं की ओर से विभिन्न स्थानों पर होली मिलन समारोह

# होली के रंगों में रंगे शहरवासी, मिलकर बांटीं खुशियां

*रायपुर। रंगों का त्योहार होली राजधानी में धूमधाम से मनाया गया। शुक्रवार से लेकर रविवार तक हर कोई होली के रंग में रंगा हुआ नजर आया। इस दौरान सामाजिक संस्थाओं की ओर से विभिन्न स्थानों पर होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए और एक-दूसरे को रंग लगाकर होली की बधाई दी। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक में होली का उत्साह देखने को मिला। महिलाएं भी होटलों और घरों में अपने खास अंदाज में होली खेलती नजर आईं।*



### महिला समूह का होली मिलन

श्री श्याम सत्संग महिला मंडल द्वारा वीआईपी रोड स्थित फॉर्म हाउस में होली मिलन का कार्यक्रम रखा गया, जिसमें महिला मंडल के 400 सदस्य शामिल हुए। ज्योति अग्रवाल ने बताया कि फाग गीत, पारंपरिक वेशभूषा, गेम्स, गुलाल एवं फूलों की होली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत बड़े-बुजुर्गों के आशीर्वाद के साथ किया गया। इसमें मंडल की अध्यक्ष संगीता सरावगी, सचिव राजश्री अग्रवाल, कोषाध्यक्ष बॉबी जैन, ज्योति अग्रवाल, उपाध्यक्ष रेखा बजाज उपस्थित रही।



### संस्थाओं में होली का माहौल

विप्र नगर बेटी बचाओ मंच द्वारा होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया, इसमें संस्था के पदाधिकारी उपस्थित रहे। प्रदेश अध्यक्ष ललित मिश्रा मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित रहे, जिन्होंने संबोधन में संस्था द्वारा आयोजित जनहितकारी कार्यों की प्रशंसा की। होली महोत्सव में फूलों की पंखुड़ी और रंग-बिरंगे गुलाल के साथ होली खेली गई। इस दौरान शशि यादव, नमिता डडसेना, रश्मि कश्यप, श्रद्धा उपाध्याय, सीमा कश्यप, कविता शर्मा, लीना सिन्हा, पिंकी देवांगन उपस्थित रही।

### फाग गीतों पर झूमे छात्र



सरस्वती विहार स्थित सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में होली उत्सव धूमधाम से मनाया गया। आयोजन का शुभारंभ छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ किया गया, जिसमें फाग गीतों पर प्रस्तुति दी गई। इस कार्यक्रम में विद्यालय की प्राचार्या डॉ. ईरावत भूषण परगनिहा, शिक्षक नेतराम वर्मा शामिल हुए।



### मंदिरों में फूलों की वर्षा

श्री दूधाधारी मठ परिसर में होली उत्सव परंपरागत रूप से मनाया गया। इस दौरान भगवान श्री कृष्ण के चल विग्रह को गर्भगृह से बाहर मंदिर परिसर में श्रद्धुलओं के साथ होली खेलने लाया गया। सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतार मठ परिसर में देखने को मिली। श्रद्धालुओं ने भगवान के आशीर्वाद के साथ त्यौहार की शुरुआत की। इसमें महामंडलेश्वर राजेश्री महन्त रामसुन्दर ने होलिका दहन और होली पर्व की जानकारी साझा की।

### वृद्धाश्रम में होली मिलन समारोह



होली के खास अवसर पर श्याम नगर स्थित लायन्स वृद्धाश्रम में भी होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। हास्य और उमंग से भरपूर त्यौहार बुजुर्गों के आशीर्वाद से शुरू की गई।आश्रम के सदस्यों ने बुजुर्गों के साथ धूमधाम से होली पर्व मनाया।



### खेली फूलों की होली

फाल्गुन मास के पावन अवसर रानी सती मंदिर परिसर में 'फूलों की होली' कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें भगवान के साथ फूलों की होली खेली गई। इस दौरान मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ देर रात तक बनी रही। होली महोत्सव में भजन संध्या और फूल-गुलाल संग होली मिलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर लाल चुनरी और फूलों के हार से रानी सती का श्रृंगार किया गया।

### अन्य शहरों से शामिल हुए सदस्य



भुंजवा कान्यकुब्ज वैश्य गुप्ता समाज सेवा समिति द्वारा होली मिलन समारोह का कार्यक्रम टिकरापारा स्थित गोंडवाना भवन में किया गया। उक्त कार्यक्रम में समाज के सभी पदाधिकारी एवं रायपुर, दुर्ग और कानपुर के सामाजिक सदस्यों की उपस्थिति दर्ज की गई। उत्साह और उमंग से भरपूर कार्यक्रम में होली के पुराने गीतों पर समाज के सदस्यों ने प्रस्तुति दी। इसमें रायपुर दुर्ग के नवनिर्वाचित पार्षद और समाजिक बंधुओं का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पार्षद बद्री प्रसाद गुप्ता, रायपुर समाज अध्यक्ष, संजय गुप्ता, सचिव विशाल गुप्ता, महिला मंडल अध्यक्ष कृष्णा गुप्ता, सचिव मौसमी मौजूद रहे।



### होली पर भोजन वितरण

सामाजिक संस्था अवाम ए हिन्द सोशल वेलफेयर कमेटी द्वारा शहर के विभिन्न चौक-चोराहों पर भोजन वितरण किया गया। होली पर्व के अवसर पर आर्थिक रूप से कमजोर सैकड़ों लोगों को निशुल्क भोजन दिया गया। संस्था के संस्थापक मो. सज्जाद खान ने बताया कि होली पर्व के अवसर पर शहर की दुकान बंद होती हैं, इस स्थिति में निर्धन लोगों के भोजन की व्यवस्था कमेटी के सदस्यों द्वारा की जाती है। वितरण कार्य में राजेन्द्र शर्मा, अनिल शुक्ल, महावीर जैन, जुबैर खान, वसीम अकरम, फराज खान, मंजू, कुलविन्दर सिंह, राजकुमार साहू की भागीदारी दर्ज की गई।



### मिडिल स्कूल मित्र समूह का होली महोत्सव

गवर्नमेंट स्कूल की वर्ष 1976 बेच के 'मिडिल स्कूल मित्र समूह' का होली मिलन समारोह महाराष्ट्र मंडल में आयोजित किया गया। इस बीच विभिन्न त्यौहारों और स्कूलों की गतिविधियों को पूर्व छात्रों ने याद किया। 19 अप्रैल को शाम पांच बजे से महाराष्ट्र मंडल के छत्रपति शिवाजी महाराज सभागृह में पारिवारिक मिलन समारोह का आयोजन किया गया है, इसमें मित्र समूह के मुखिया भागचंद झाबक, सुधीर दुबे, दिनेश होतवानी, अवतार सिंह, शंकर नायडू, सुनील केडिया, मनोहर सोनी, प्रदीप सेठी जैसे 70 से अधिक दोस्तों की उपस्थिति रहेगी।

**समाज लाइव**

## देवांगन समाज में अब नहीं कर सकेंगे प्री-वेडिंग, शराब पर भी लगाया प्रतिबंध



**रायपुर।** प्रदेश देवांगन समाज ने सर्वसम्मति से विवाह के पहले होने वाले प्री वेडिंग और सार्वजनिक कार्यक्रमों में शराब परोसे जाने पर प्रतिबंध लगाने का निर्णय लिया है। प्रदेश देवांगन समाज के अध्यक्ष डॉक्टर ओमप्रकाश देवांगन ने कहा कि प्रदेश के विकास के साथ- साथ हमें सामाजिक बुराइयों को भी जड़ से मिटाना होगा। सार्वजनिक कार्यक्रमों में शराब सेवन किया जाता है, इससे हमारी युवा पीढ़ी बर्बाद हो रही है। वहीं, शादी से पहले होने वाले प्री वेडिंग का प्रचलन तेज़ी से बढ़ रहा है, इससे हमारे मध्यमवर्गीय परिवारों पर भारी बोझ बढ़ता जा रहा है। इसे रोकने की मांग कई जगह से की जा रही थी, इसलिए बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर प्री वेडिंग और सार्वजनिक कार्यक्रमों में शराब के वितरण पर प्रतिबंध लगाने का निर्णय लिया गया है।

### जनप्रतिनिधियों का किया सम्मान

प्रदेश की प्रबंध कार्यकारिणी बैठक में 100 से अधिक नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों का सम्मान किया गया। वहीं, संगठन का विस्तार करते हुए युवा, महिला, चिकित्सा, राजनीतिक, व्यापार एवं प्रचार-प्रसार प्रकोष्ठ की घोषणा भी की गई। बैठक में सभी ज़िलों के प्रतिनिधि और संस्थापक सदस्य उपस्थित थे। प्रदेश देवांगन समाज की प्रबंध कार्यकारिणी की बैठक बीरगांव में संपन्न हुई। बैठक में सर्वप्रथम मां परमेश्वरी की पूजा अर्चना की गई। इसके बाद त्समाज के प्रदेश महासचिव परस देवांगन ने बैठक की प्रस्तावना रखी। इसके बाद नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव में प्रदेश भर से जीतकर आए जनप्रतिनिधियों का सम्मान किया गया।

# गणगौर पूजा का शुभारंभ, राजस्थानी मारवाड़ी रीति-रिवाज से पूजा-अर्चना

### भगवान शिव-पार्वती को आराध्य मानकर मिट्टी की मूर्तियों की पूजा

**रायपुर।** मारवाड़ की सांस्कृतिक धरोहर गणगौर पूजा का शुभारंभ हो चुका है, जिसमें कुंवारी युवतियां भगवान शिव जैसा वर की कामना लिए व्रत रखती हैं। प्रत्येक वर्ष होलिका दहन के दूसरे दिन से गणगौर पूजा की शुरुआत होती है, इसमें होलिका की राख को तीन-चार दिनों तक भगवान शिव-माता पार्वती की कामना कर पूजा जाता है। इस मौके पर गणगौर भगवान शिव और माता पार्वती का अवतार माना जाता है। इन प्रतिमाओं की पूजा 16 दिनों तक राजस्थानी, मारवाड़ी रीति-रिवाज से किया जाएगा।

मान्यता के अनुसार यह पूजा शिव-पार्वती का विवाह है। शादी के पहले साल ही महिलाओं को गणगौर पूजा करने का अवसर दिया जाता है। मुख्य रूप से यह पूजा कुंवारी बेटियों के लिए है। गणगौर पर्व के खास अवसर पर व्रती महिलाओं ने हरिभूमि से चर्चा की, जिन्होंने त्योहार के महत्व और पूजन विधि की जानकारी साझा की। संगीता हरलालका ने बताया कि प्रतिमाओं से पहले होलिका दहन से लाई गई राख की पूजा होती है। साथ ही पूजन स्थान में कागज पर 16-18 दिनों तक मेहंदी, रोली और काजल का टीका लगाया जाता है, यह पूजन का प्रतीक होती है।





### चांदी की अंगूठी से जल अर्पण

भगवान शिव माता पार्वती को मायके से ले जाने के लिए आते हैं। इस मान्यता के आधार पर यह पूजा की जाती है। कनक शर्मा ने बताया कि पांच गणगौर प्रतिमाओं की पूजा की जाती है।सुबह कुंवारी युवतियां चूड़ी पहन कर पूजन स्थल पहुंचती हैं। जिसके बाद चांदी की अंगूठी से प्रतिमाओं को जल अर्पित किया जाता है। इस दौरान जलपात्र में शुद्ध जल रखकर मंत्रोच्चार किया जाता है। पूजा के दौरान सभी अपनी मनोकामनाएं 16-16 बार मन में कहती हैं।

### गाजे-बाजे के साथ गणगौर का स्वागत

अर्पिता शर्मा ने बताया कि शादी के बाद यह मेरा पहला गणगौर पूजा है। लगभग 10-12 सालों से व्रत कर रही। गणगौर आगमन के साथ रोजाना शाम को प्रतिमाओं को भ्रमण कराया जाता है। इस दौरान महिलाएं भजन संध्या का आयोजन करती हैं। यह पूजा मारवाड़ी परंपराओं को दर्शाता है, जिसमें सोलह श्रृंगार के साथ महिलाएं पति की लंबी आयु और समृद्धि के लिए व्रत रखती हैं।

### परंपरा एवं संस्कृति को जीवित रखने की कामना

कोमल अग्रवाल ने बताया कि अपनी परंपरा एवं संस्कृति को आगे बढ़ाने के लिए गणगौर पूजा रख रही। लगभग बीते 10-12 सालों से पूजा में शामिल हो रही।16 दिन की गणगौर पूजा का इंतजार साल भर रहता है। गणगौर की प्रतिमाओं का स्वागत ढोल-बाजा के साथ होगा। इस दौरान पारंपरिक मारवाड़ी परिधान में महिलाएं एवं कुंवारी युवतियां नजर आएंगी।

### गणगौर पूजने में सात मंदिरों का जल जरूरी

हर्षिता खंडेलवाल ने बताया कि शादी के बाद पहले साल में गणगौर पूजा की जाती है, जिसके बाद केवल आखिर दिन ही करने का मौका मिलता है। मुख्य रूप यह पूजा मायके में की जाती है। गणगौर को पानी पिलाने के लिए 7 प्रमुख मंदिरों से जल लाया जाता है, जिसमें जैन मंदिर और गौशाला मुख्य हैं। शहर स्थित राधा-कृष्ण मंदिर, देवी मंदिर, राम मंदिर जैसे कई मंदिरों से जल एकत्र किया जाता है। इस दौरान सभी पारंपरिक परिधान एवं वेशभूषा में महिलाएं शामिल होती हैं।



## रोग और अशांति के समय हमें किसी के घाट पर जाने की आवश्यकता नहीं

**रायपुर।** तीर्थंकर भगवान की धर्म सभा को समवसरण कहा जाता है, जो प्रकृति नामकरण कर्म, सोलह कारण भावना, भाने एवं केवली तथा श्रुत केवली के पादमूल में बैठने से होती है। यह उद्गार निर्यापक श्रमण समतासागर महाराज ने स्थानीय श्री आदिनाथ दि. जैन बड़ा मंदिर, मालवीय रोड पर आयोजित धर्मसभा में व्यक्त किए। मुनि श्री ने कहा कि साक्षात समवसरण की रचना तब होती है, जब कोई साधक शुक्लध्यान के माध्यम से घातिया कर्मों को नष्ट करता है और अरिहंत अवस्था प्राप्त करता है। समवसरण की रचना में गणधरों की व्यवस्था होती है और बारह सभाएं लगती हैं, जिनमें सभी जीवों को सरलता से स्थान प्राप्त होता है। इन बारह सभाओं में से आठ सभाओं पर चतुरनिकाय के देवी-देवताओं का कब्जा रहता है। एक सभा में मुनि और गणधर परमेष्टी, आर्यिका संघ, श्राविकाएं, ऐलक, छुल्लक, चक्रवर्ती राजा-महाराजा होते हैं, और एक सभा त्रियंचों की होती है। इस प्रकार से समवसरण में 12 सभाएं होती हैं, जिसमें सभी प्राणी बिना किसी भेदभाव के धर्म का लाभ लेते हैं।

### आपके सभी कार्य सिद्ध हो जाते हैं

मुनि श्री ने आशीर्वाद देते हुए कहा कि हालांकि संघ का विहार श्री सम्मेदशिखर जी की ओर चल रहा है, लेकिन बीच में रायपुर समाज ने एक बड़ा स्पीड ब्रेकर बनकर सामने आकर हमें इस मंदिर में आकर धर्मदर्शन और सामायिक के माध्यम से समाज के लिए मार्गदर्शन तथा संकल्प दिया। जब हमें यह अहसास हुआ कि जहां गुरुदेव ने अपना आशीर्वाद दिया है, उस मंदिर के लिए समय देना जरूरी है, तो हम सभी ने इस मंदिर में समवसरण विधान करने का निश्चय किया। मुनि श्री ने कहा, रोग और अशांति के समय हमें किसी के घाट पर जाने की आवश्यकता नहीं है। हमारा एकमात्र स्थान है, 'अरिहंत शरणं पव्वज्जामि', 'सिद्ध शरणं पव्वज्जामि', 'साहु शरणं पव्वज्जामि', और 'कैवली पणयतं धम्मशरणं पव्वज्जामि'।

# मां के जीवन पर आधारित नृत्य की प्रस्तुति

### अभिभावक विद्यालय में वार्षिक मूल्यांकन उत्सव का आयोजन

**रायपुर।** सभी व्यक्ति के जीवन में मां का अहम स्थान है, जो बच्चों की देखरेख में अपना संपूर्ण जीवन न्योछावर कर देती हैं। मां के करुणा भाव और उनके किरदार को बताने, अभिभावक विद्यालय द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 'वार्षिक मूल्यांकन उत्सव' का आगाज मां और बच्चों की प्रस्तुति के साथ किया गया, जिसमें मां को जानू, क्या करती है पहचानो...संगीत पर नृत्य किया गया।

इस दौरान मंच पर बच्चों के साथ परिजनों की प्रस्तुति देखने को मिली, जिमसें कक्षा पहली से चौथी तक के नन्हे विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। मनमोहक प्रस्तुति ने दर्शकों को भावुक कर दिया, जिसने खूब तालियां बटोरी। रविवार को अभिभावक विद्यालय द्वारा एक दिवसीय वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति ने दर्शकों का समा बांधा है।






*इस अवसर पर नन्हे छात्रों द्वारा नाटक, संगीत और नृत्य की प्रस्तुति दी गई। इसमें आकर्षण का केंद्र मां और बच्चों द्वारा प्रस्तुति रहा। इस दौरान बच्चों का मनोबल बढ़ाने माता-पिता ने बच्चों का स्वागत तालियों से किया, जिसके बाद छात्रों ने अनोखे अंदाज में प्रस्तुति दी। नर्सरी कक्षा के विद्यार्थियों ने मनमौजी अंदाज में मंच पर झूमते नजर आए, जिसे देख परिजनों के चेहरे पर मुस्कान आ गई। विद्यालय की डायरेक्टर अनिता शाह ने बताया कि वार्षिकोत्सव में कुशल आचरण, भाषा, विचारों, समझ और भारतीय संस्कृति की झलक देखने को मिली। इस दौरान विद्यार्थियों और परिजनों को पेरेंटिंग टिप्स भी दी गई, जिसमें सकारात्मक विचार, बच्चों के क्रिएटिव आइडियाज को बढ़ावा देना, भारतीय परंपरा के साथ जोड़ना और बड़े-बुजुर्गों के सम्मान को बताया गया है।*


### व्यवस्थितत दिनचर्या पर आधारित नाटक

महोत्सव के दौरान छात्रों द्वारा व्यवस्थित दिनचर्या विषय पर नाटक का मंचन किया गया,जिसमें पर्यावरण, जीव-जन्तु, साफ-सफाई एवं जल संबंधित सायकल को समझाया गय। विद्यार्थियों को व्यवस्थित और अनुशासन में दिनचर्या से जीवन में सरलता को बताया गया, जिसमें दिनचर्या के कार्य, स्कूल संबंधित कार्यों को स्वयं करने की बात कही गई। नाटक में कलाकारों ने कहा, कुशल व्यक्तित्व के निर्माण में बचपन से बच्चों को सही राह दिखाना जरूरी है।



सिटी स्पोर्ट्स

# बढ़ती उम्र को थाम सकती हैं ऐसी आदतें सदाबहार दिखने आज से ही अपनाएं



रोजमर्रा की लाइफ की जहां कुछ आदतों की वजह से, आपके चेहरे पर समय से बुढ़ापा नजर आने लगता है। वहीं, कुछ हेल्दी आदतें बढ़ती उम्र की रफ्तार को थाम सकती हैं और उम्र से जवां दिखने में मदद कर सकती हैं।

आपको देखकर आपकी उम्र का अंदाजा नहीं लगाया जा सकता। आप तो 40 की उम्र में 30 की नजर आती हैं। अरे...इस उम्र में भी आपके जवां नजर आने का सीक्रेट क्या है। ये कुछ ऐसे कॉम्पिलमेंट्स हैं, जो सुनना हर किसी को पसंद होता है। बढ़ती उम्र को रोका या थामा नहीं जा सकता है, यह बात पूरी तरह से सच है। उम्र बढ़ने के साथ इसके संकेत चेहरे और शरीर में नजर आने लगते हैं। कुछ लोग उम्र से पहले बूढ़े दिखने लगते हैं। वहीं, कुछ लोग बढ़ती उम्र में भी जवां नजर आते हैं। इसके पीछे हेल्थ कंडीशन, हार्मोनल बैलेंस और स्किन केयर के साथ, डाइट और लाइफस्टाइल भी काफी हद तक जिम्मेदार है। रोजमर्रा की लाइफ की जहां कुछ आदतों की वजह से, आपके चेहरे पर समय से बुढ़ापा नजर आने लगता है। वहीं, कुछ हेल्दी आदतें



बढ़ती उम्र की रफ्तार को थाम सकती हैं और उम्र से जवां दिखने में मदद कर सकती हैं। यहां हम आपको कुछ ऐसी ही हैबिट्स के बारे में बता रहे हैं, जो 40 की उम्र में आपको 30 का दिखाने में कारगर हैं। इस बारे में डाइटिशियन नंदिनी जानकारी दे रही हैं। वह सर्टिफाइड डाइटिशियन और न्यूट्रिशनिस्ट हैं।

दिन में कम से कम 3 लीटर पानी पिएं। हाइड्रेशन न केवल सेल्स को रिपेयर करता है, बल्कि शरीर में जमा टॉक्सिन्स को बाहर निकालने में भी मदद करता है।

एंटी-ऑक्सीडेंट्स और विटामिन-सी से भरपूर डाइट लें। बेरीज, हल्दी, ग्रीन टी, संतरा, बादाम और एवाकाडो को डाइट में शामिल करें। ये सभी चीजें त्वचा को हाइड्रेट रखती हैं, इलास्टिसिटी बनाए रखती हैं और एजिंग के साइन्स को कम करने में मदद करती हैं।

दिन की शुरुआत चाय-कॉफी से नहीं, बल्कि किसी हेल्दी ड्रिंक जैसे हल्दी का पानी, जीरे का पानी या किसी हर्बल टी से करें। आप गुनगुने पानी से भी दिन की शुरुआत कर सकती हैं।

स्ट्रेस से दूर रहें। तनाव में रहना भी स्किन के जल्दी एजिंग का कारण बन सकता है। ऐसे



में स्ट्रेस को मैनेज करने के लिए, प्राणायाम और डीप ब्रीदिंग की मदद लें। 7-8 घंटे की नींद लें। नींद की कमी के कारण भी आपकी स्किन समय से पहले बूढ़ी नजर आ सकती है। सही स्किन केयर रूटीन को फॉलो करें। आप अपनी उम्र और स्किन टाइप के हिसाब से, स्किन केयर रूटीन को चुनें। केमिकल वाले प्रोडक्ट्स की जगह हर्बल प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करें। चुकंदर, तुलसी और खीरे का डिटॉक्स वॉटर पिएं। यह भी स्किन को हेल्दी बनाने में मदद करता है। फेस योगा जरूर करें। इससे न केवल फेस फैट कम होता है, बल्कि एजिंग के साइन्स भी जल्दी नजर नहीं आते हैं।

## नींद पूरी न होना भी आमंत्रण है गंभीर बीमारियों को

# अक्सर नींद न आना गंभीर बीमारियों का हो सकता है संकेत, आप भी करते हैं ये गलती तो तुरंत हो जाएं सावधान

जिन लोगों की नींद अक्सर पूरी नहीं होती है उनमें अन्य लोगों की तुलना में क्रोनिक बीमारियों का जोखिम अधिक हो सकता है। अनिद्रा के कारणों को जानना और समय रहते इसका इलाज कराना बहुत आवश्यक है। नींद न आने की स्थिति में खुद से ही लोग नींद की गोलियां लेना शुरू कर देते हैं, इसके कई गंभीर नुकसान हो सकते हैं। दौड़ती-भागती जिंदगी में सेहत का ख्याल रख पाना सभी उम्र के लोगों के लिए बड़ा चैलेंज हो गया है। 30 से कम उम्र के लोग ब्लड प्रेशर, शुगर सहित कई प्रकार की क्रोनिक बीमारियों का तेजी से शिकार होते जा रहे हैं।



### अनिद्रा के कारणों की समय रहते करें पहचान

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, अनिद्रा के कारणों को जानना और समय रहते इसका इलाज कराना बहुत आवश्यक है। अगर तनाव-चिंता या किसी अन्य चिकित्सा स्थितियों के कारण नींद न आने की समस्या है तो इसके लिए मनोवैज्ञानिक चिकित्सा की जरूरत होती है। डॉक्टर कहते हैं, नींद न आने की स्थिति में खुद से ही लोग नींद की गोलियां लेना शुरू कर देते हैं, इसके कई गंभीर नुकसान हो सकते हैं।

### अनिद्रा और इसके कारण होने वाली दिक्कतें

शोध बताते हैं कि विश्वभर में लाखों लोग अनिद्रा से प्रभावित हैं, यह मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव डाल सकती है। अनिद्रा के कई कारण हो सकते हैं, तनाव और चिंता जैसे नौकरी, पारिवारिक समस्याएं, वित्तीय संकट या अन्य तनावपूर्ण स्थितियां नींद में बाधा डाल सकती हैं। इसी तरह से हृदय रोग, डायबिटीज, उच्च रक्तचाप, अस्थमा जैसी बीमारियां भी अनिद्रा को जन्म दे सकती हैं।

### खुद से तो नहीं लेते हैं नींद की दवा?

तेजी से भागती दुनिया में लोगों के रातों की नींद गायब हो जा रही है, कई लोग इस समस्या से निपटने के लिए नींद की दवाइयों का सहारा लेते हैं। ऐसी दवाएं एक आसान समाधान हो सकती हैं, लेकिन विशेषज्ञ इसके दीर्घकालिक गंभीर जोखिमों को लेकर आगाह करते हैं। निद्रा चिकित्सा के विशेषज्ञ डॉ. मीर फैजल ने खुद से ही नींद की दवा लेने को लेकर लोगों को सावधान किया है।

### रचनात्मक होने की गलती न करें

कुछ व्यक्ति जागते हुए अपने अतिरिक्त समय का सदुपयोग करना चाहते हैं, लेकिन ऐसा न करें। रात का मध्य काम करने, काम पर आगे बढ़ने या रसोई में रचनात्मक होने का सही समय कतई नहीं है। ऐसे कार्य मस्तिस्क को उस समय जागने के लिए प्रेरित करते हैं। जिससे आपकी नींद गायब हो सकती है।

### पीछे की ओर गिनती करें

व्यस्त मस्तिष्क" रात में जागने का सबसे बड़ा कारण है। हम कुछ सोचने लगते हैं या याद करने लगते हैं यानी या तो भूतकाल (यादों में खोना या भविष्य में जा पहुंचते हैं। भविष्य यानी प्लानिंग या भय)। इस सबसे छुटकारा पाने का एक आसान तरीका है100 से पीछे की ओर गिनें। यह आपके ध्यान को अतीत के पछतावे और भविष्य की चिंताओं से दूर करता है। साथ ही आपके मस्तिष्क को वर्तमान में बने रहने के लिए मजबूर करता है।

### मांसपेशियों को आराम दें

नींद आने के लिए आपकी मांसपेशियों को आराम की जरूरत है। यदि आप तनावग्रस्त हैं, तो आपको यह भी पता नहीं चलेगा कि वे भी हैं। रिलैक्सेशन एक्सरसाइजेज नामक तकनीक इसमें आपकी मदद कर सकती है।



# एसिडिटी की समस्या से मिलेगी राहत, डाइट में करें ऐसे बदलाव

एसिडिटी की समस्या आपको काफी परेशान कर सकती है। इसकी वजह से ब्लोटिंग से लेकर सीने में जलन की शिकायत हो सकती है। अक्सर लोग एसिडिटी होने पर तरह-तरह के उपाय अपनाते हैं या फिर दवाइयों का सहारा लेते हैं। लेकिन आपको बार-बार ऐसा करने की जरूरत नहीं है। बस आपको अपनी डाइट में कुछ बदलाव करने की आवश्यकता है। अगर आप अपनी डाइट में कुछ छोटे-छोटे बदलाव करते हैं तो इससे आपको बार-बार होने वाली एसिडिटी से राहत मिलती है।

आपको शायद पता ना हो, लेकिन जब आप अपने खाने की आदतों में बदलाव करते है, तो आप नेचुरल तरीके से एसिडिटी को नियंत्रित कर सकते हैं। मसलन, अगर आप अपनी डाइट से मसालेदार, ऑयली और प्रोसेस्ड फूड आइटम्स का सेवन कम करते हैं तो इससे एसिडिटी की समस्या से बचा जा सकता है। तो चलिए आज इस लेख में सेंट्रल गवर्नमेंट हॉस्पिटल के ईएसआईसी अस्पताल की डाइटीशियन रितु पुरी आपको डाइट में किए जाने वाले कुछ ऐसे ही बदलावों के बारे में बता रही हैं, जिन्हें अपनाकर आप एसिडिटी से राहत पा सकते हैं-

जिन लोगों को अक्सर एसिडिटी की शिकायत रहती है, उन्हें अपनी डाइट में बहुत अधिक मसालों जैसे लाल मिर्च व काली मिर्च का सेवन कम से कम करना चाहिए। इसके अलावा, बहुत अधिक ऑयली फूड भी एसिड प्रोडक्शन को बढ़ा सकता है, जिससे आपको एसिडिटी की शिकायत हो सकती है।



### खट्टे फलों का सीमित करें सेवन

यूं तो खट्टे फलों व टमाटर का सेवन सेहत के लिए अच्छा माना जाता है, लेकिन अगर आपको एसिडिटी की शिकायत है तो ऐसे में आपको इनका सेवन कम से कम करना चाहिए। दरअसल, यह नेचुरली एसिडिक होते हैं और एसिडिटी को और भी बदतर बना सकते हैं। बेहतर होगा कि आप इसके बजाय केले, सेब या खरबूजे खाएं।

### पिएं अधिक पानी

अगर आपको एसिडिटी की शिकायत है तो आप पानी का सेवन थोड़ा अधिक करें। दरअसल, पानी पेट के एसिड को पतला करने में मदद करता है। हालांकि, भोजन के दौरान बहुत अधिक पीने से बचें। यह पाचन को धीमा कर सकता है और इससे आपको परेशानी हो सकती है।

### हर्बल चाय का करें सेवन

हर्बल चाय को अक्सर अच्छी नींद या फिर वजन कम करने के लिए जाना जाता है। लेकिन इससे ब्लोटिंग व एसिडिटी से भी राहत मिलती है। आप अदरक की चाय, कैमोमाइल चाय व सौंफ की चाय आदि को अपनी डाइट में शामिल करें। ये पाचन तंत्र को शांत करते हैं और स्वाभाविक रूप से एसिडिटी को कम करने में मदद करते हैं।

### लें छोटे-छोटे मील्स

कुछ लोगों की यह आदत होती है कि वे दो मील्स के बीच में कई-कई घंटों का गैप करते हैं। लेकिन ऐसे लंबे गैप्स करने और एक बार में हैवी मील्स लेने से आपके पेट पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है, जिससे एसिड रिफ्लक्स और भी खराब हो जाता है। इसलिए, हर तीन-चार घंटे में मील लें और इस दौरान थोड़ा-थोड़ा करके खाएं। कम भोजन लेने से पाचन पर भी कम दबाव पड़ता है।

# घर में बेलपत्र का पौधा लगाने पर क्या कहता है वास्तु, जरूर जानें

बेल के पौधे को ज्योतिष और वास्तु में बहुत शुभ माना जाता है। इस पौधे की पत्तियों को हमेशा भगवान शिव की पूजा में अर्पित किया जाता है। ऐसा कहा जाता है कि यदि आप इस पौधे को घर पर लगा रही हैं तो वास्तु के नियमों का पालन जरूरी है।

वास्तु शास्त्र में पेड़-पौधों का घर में स्थान बहुत ही महत्वपूर्ण माना जाता है। प्रत्येक पौधा न केवल पर्यावरण को सुंदर और हरा-भरा बनाता है, बल्कि यह घर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार भी करता है। यह ऐसे ही पौधों में से एक है जो घर में शुभता और समृद्धि लाने का काम करता है।

यह घर में सुख, शांति और समृद्धि को बढ़ावा देता है। वास्तु शास्त्र के अनुसार, बेल का पेड़ घर में नकारात्मक ऊर्जा को दूर करने का कार्य करता है। यह वातावरण को शुद्ध करता है और घर में शांति और समृद्धि को बढ़ाता है।



### क्या घर में बेल का पौधा लगाना ठीक है?

घर में बेल का पौधा लगाना वास्तु शास्त्र और धार्मिक दृष्टिकोण से बहुत शुभ माना जाता है। विशेष रूप से यह पौधा भगवान शिव से जुड़ा है, इसलिए जिस स्थान पर ये पौधा होता है वहां भगवान शिव की कृपा दृष्टि सदैव बनी रहती है। मान्यता है कि इस पौधे को यदि आप अपने घर की सही दिशा में लगाती हैं तो सदैव शिव जी की कृपा दृष्टि बनी रहती है। यही नहीं इससे सकारात्मक ऊर्जा पूरे घर में फैलती है। हालांकि आप जब भी ये पौधा घर में लगाएं इसकी सही दिशा का ध्यान रखना बहुत जरूरी है और इस बात का भी ध्यान रखने की जरूरत है कि यह पौधा किसी भी कारण से सूखना नहीं चाहिए। आपको इस पौधे की नियमित देखभाल करनी चाहिए और इस पर समय-समय पर जल चढ़ाना चाहिए।

### वास्तु के अनुसार बेल के पौधे की सही दिशा क्या है?

वास्तु शास्त्र के अनुसार, बेल का पौधा घर के उत्तर-पूर्व यानी ईशान कोण या उत्तर दिशा में ही लगाना सबसे शुभ माना जाता है। यदि आप इस दिशा में बेल का पौधा लगाती हैं तो जीवन में सदैव सुख-शांति और समृद्धि बनी रहती है। इसके अलावा, बेल के पत्तों का प्रयोग भगवान शिव की पूजा में भी किया जाता है, जिससे घर में भगवान शिव की कृपा बनी रहती है और परिवार के सदस्य स्वस्थ रहते हैं।

# गैस पर उबलकर बिखर जाता है दूध...कटोरी वाले इस हैक से नहीं पड़ेगी एक टक देखने की जरूरत

क्या किचन में दूध गरम करते हुए वो गैस पर गिर जाता है? अगर आप भी इस समस्या से परेशान हैं, तो अब आपको सोशल मीडिया पर वायरल कटोरी वाले हैक का इस्तेमाल करना चाहिए। आइए जानें, दूध को उबलकर गिरने से कैसे रोकें?



सोशल मीडिया पर इन दिनों एक हैक का फी वायरल हो रहा है। इस हैक में दूध को उबलते हुए गैस पर गिरने से रोकने का एक धांसू तरीका बताया गया है। इस हैक के मुताबिक, आपको एक कटोरी की जरूरत होगी। हैक में बताया गया है कि दूध को पतीले में डालने से पहले उसमें एक कटोरी डालनी होगी। इसके बाद, उसमें दूध डालकर उसे गरम होने के लिए गैस पर रखें। इस तरीके से दूध गरम करेंगे, तो वह गैस पर उबलकर नहीं गिरेगा। इस ट्रिक को आप भी ट्राई कर सकते हैं।

### इन तरीकों से भी नहीं गिरेगा दूध

उबलते हुए दूध को पतीले से बाहर आने से रोकने के लिए आप लकड़ी का स्पैटुला इस्तेमाल कर सकते हैं। लकड़ी का स्पैटुला पतीले के ऊपर रखें। इससे उबाल आने पर भी दूध बाहर नहीं आ पाएगा।

जितना दूध गरम करना है, उसके हिसाब से हमेशा बड़ा बर्तन ही यूज करें। इससे दूध के उबलकर गिरने की टेंशन नहीं रहेगी।बर्तन के किनारों पर थोड़ा सा मक्खन लगाने से दूध के उबलकर बाहर गिरने की कोई टेंशन नहीं रहती। डबल बॉयलर मैथड की मदद से दूध को गरम होने में वक्त लगता है और उसके बाहर आने की भी टेंशन नहीं रहती।

रायपुर बाजार
Contact For Advertisement
79871 19756
90981 38778

पैसा चाहिए ? हमारे पास आइए
(केवल बिजनेस लोन) एजेंट आमंत्रित
न्यूनतम कागजी कार्यवाही
5 हजार से 5 लाख तक बिजनेस लोन
आज लोन लीजिए 100 किश्तों में पटाइये
मोटवानी फायनेंस 93404-44755
गली नं. 03, सिंधी कॉलोनी, तेलीबांधा, रायपुर

मैट्रेस (गद्दा) 30% से 50% लेस | पुराना गद्दा लाये, नया ले जाये
चादरे 9x9 400 से 1000 तक | कम्बल रजाई कम्फर्ट दोहड़ | सोफा कमबेड प्रोटेक्टर | सोफा कव्हर रूई गद्दा | टावेल तकिया | रजाई-गद्दा कव्हर
संजय रूई भंडार | निराकांरी फर्नीचर के पीछे, कांच घर गोडाऊन के पास, पंडरी रायपुर
9827976266, 7987918262

दुकान एक कुलर अनेक
कूलर हाउस
आकाश जैन - 98261-64650,
रतन जैन - 98271-29211
सिटी कोटवाली, नगर निगम के पास, गांधी चौक, रायपुर
Mango COMMERCIAL COOLER
हॉल, वर्कशॉप गोडाऊन, लॉन, मैरिज हॉल, किराया भंडार के लिये

BIG BULL E-RIKCHOW & E-LOADER
ई-लोडर (डबल का फायदा)
• 1 टन से 1.5 टन लोडिंग क्षमता
• शानदार पिकअप, स्पीड, माइलेज
• खर्चा कम, कमाई दुगुना
छोटा नही बड़ा हाथी
डीलर : शुभ मार्केटिंग, भनपुरी, रायपुर (छ.ग.) मो. 9826695200

अंकित बाउण्ड्रीवॉल
प्रिकास्ट, ब्रिक्स बाउण्ड्रीवाल, डी.पी. सी पोल फेसिंग करवाने हेतु संपर्क करें ।
V.I.P. रोड रायपुर
98279-59655
प्रीकास्ट | चैनलिंक जाली | पोल फेंसिंग
अब आपके बेशकीमती प्लाट को सुरक्षित रखना हुआ आसान

आपके विज्ञापन के लिये जगह उपलब्ध है।
संपर्क करें
मो. 6263818152, 7987119756

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## 'लिलो एंड स्टिच' का शानदार ट्रेलर रिलीज, सोशल मीडिया पर लोग कर रहे जमकर तारीफ



डिज्नी की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'लिलो एंड स्टिच' का लाइव-एक्शन संस्करण 23 मई को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाला है। फिल्म की रिलीज में अभी कुछ महीने बाकी हैं। इस बीच निर्माताओं ने इसका पहला आधिकारिक ट्रेलर जारी कर फैंस के बीच उत्साह जगा दिया है। पहले यह फिल्म डिज्नी+ पर आने वाली थी, लेकिन अब इसे बड़े पर्दे पर रिलीज किया जाएगा। ट्रेलर को मिल रही शुरुआती प्रतिक्रियाओं से ऐसा प्रतीत हो रहा है कि यह डिज्नी की लाइव-एक्शन फिल्मों में अपनी एक खास जगह पक्की कर सकती है। दो मिनट 24 सेकंड के इस ट्रेलर की शुरुआत कमांडर के एक डायलॉग से होती है, जिसमें वह स्टिच को 'खतरनाक प्रयोग' करार देता है। इसके बाद शुरू होता है रोमांच और हंगामे का सिलसिला। फिल्म में माया केलोहा लिलो की भूमिका निभा रही हैं, जो हवाई की एक नन्ही लड़की है। वह स्टिच नाम के एक एलियन से दोस्ती करती है, जिसे तबाही मचाने के लिए बनाया गया था। ट्रेलर में एक्शन, ड्रामा, रोमांच और मूल एनिमेटेड फिल्म का वही पुराना आकर्षण देखने को मिलता है। इस ट्रेलर को देखने के बाद लोग इसकी जमकर तारीफ कर रहे हैं।

### टॉलीवुड

## नयनतारा ने किया 'टेस्ट' में अपने किरदार का खुलासा, साझा किया फिल्म का टीजर



साउथ अभिनेत्री नयनतारा इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'टेस्ट' को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं। अभिनेत्री ने अब अपनी नेटफ्लिक्स फिल्म 'टेस्ट' में अपने किरदार कुमुधा को पेश किया है। इसके साथ ही उन्होंने फिल्म का टीजर भी जारी किया। नयनतारा ने 'कुमुधा' का किरदार निभाया है, जो एक दृढ़ महिला है, जो एक साधारण जीवन, प्यार से भरा जीवन, एक छोटा सा घर, एक समर्पित पति और एक बच्चे का सपना देखती है। फिल्म में कुमुधा की यात्रा प्रेम और त्याग की कहानी है, जो शक्ति और त्याग से भरी है। चुनौतियों के बावजूद, वह कभी भी अपने सपनों की जिंदगी जीने से पीछे नहीं हटती। अपने किरदार के बारे में बात करते हुए नयनतारा ने टीजर के साथ कैप्शन में लिखा, 'कुमुधा की ताकत उसके सपनों की सादगी में है- एक घर, एक परिवार और स्थायी प्रेम, लेकिन जीवन उसे ऐसे तरीकों से परखता है,जिसकी उसने कभी उम्मीद नहीं की थी और उसे उन चीजों के लिए लड़ने के लिए प्रेरित करता है, जो वास्तव में मायने रखती हैं।' इसके अलावा नयनतारा ने अपने किरदार के बारे में खुलकर बात की। उन्होंने कहा कि वह दर्शकों को 'टेस्ट' में कुमुधा की यात्रा दिखाने के लिए उत्सुक हैं। उन्होंने कहा, 'उनकी यात्रा को पेश करना अत्यंत मार्मिक था और मैं आशा करती हूं कि दर्शक उनकी हर भावना को महसूस करेंगे। 'टेस्ट' प्रेम, तयाग और अटूट आशा की कहानी है। मैं नेटफ्लिक्स पर सभी को इसका अनुभव देने के लिए इंतजार नहीं कर सकती।'

वहीं, जारी हुए टीजर की बात करें तो अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर नयनतारा ने टीजर शेयर किया करते हुए लिखा, 'इस टीचर के लिए असफलता कोई विकल्प नहीं है। कुमुधा अपनी सबसे चुनौतीपूर्ण परीक्षा का सामना करने वाली है।

### भोजपुरी

## 'अठरंगी दुल्हनिया' में मनमौजी लड़की की हरकतों से परेशान घरवाले, लाइफ में आया राजकुमार



इस साल रिलीज होने वाली शानदार भोजपुरी फिल्मों में से एक है फिल्म है 'अठरंगी दुल्हनिया'। इस फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो चुका है, जिसमें लीड रोल में नजर आ रही हैं श्रुति राव। फिल्म की कहानी है एक मनमौजी लड़की की है, जो अपनी शर्तों पर जिंदगी जी रही है। इस लड़की यानी श्रुति राव से घरवाले परेशान हैं, क्योंकि उसकी शादी को लेकर घर में हर वक्त हंगामा मचा रहता है। असल में अपने हिसाब से जीने वाली ये लड़की लड़के वालों की कसौटी में फिट नहीं बैठती। एक तरफ घरवाले उसकी शादी के लिए परेशान हैं और लड़का ढूंढ रहे हैं, तो दूसरी तरफ उसकी लाइफ में एक लड़के की एंट्री होती है।

इस लड़के को देखते ही वो उसे अपना दिल दे बैठती हैं। हालांकि, अपने मनपसंद लड़के से शादी करना इतना आसान कहां। इस रास्ते में क्या-क्या दिक्कतें आती हैं, इसके लिए तो आपको पूरी फिल्म देखनी होगी।

मनोज ओझा द्वारा निर्देशित इस फिल्म नें श्रुति राव के अलावा आदित्य ओझा, मनोज टाइगर, प्रकाश जैश, मीनू शर्मा, भावना सिंह, कविता राज, शबनम खान, रिंकू यादव, शकीला अब्दुल, माजिद बेबी, चाहत अंकुश और आरती निगम जैसे कई कलाकार हैं। इस कहानी के लेखक हैं- शेखर मधुर और म्यूजिक अमन स्लोक के हैं।


## बिंदास मूड

## लाइफ स्टाइल



फैरेल विलियम्स और स्टेफ़न डिग्स जैसे मॉडल अपने कपड़े, चश्मे और जूतों से एक अलग स्टाइल क्रिएट करते हैं। बिंदास मूड का यह फैशन पेरिस की पहचान है। इनमें वसंत 2025 के मेन्सवियर शो में स्ट्रीट स्टाइलर्स ने स्टेटमेंट पीस पर ध्यान केंद्रित किया। इनमें बोल्ड बेल्ट से लेकर फैंसी पैंट और काउबॉय हैट शामिल हैं। पेरिस में पिछले सप्ताह हुए फैशन शो के तुरंत बाद कॉउचर शो हुए। दोनों ही शो में फैशन पसंद नौजवानों का हुजूम उमड़ पड़ा।

# नहाने के बाद चेहरे पर लगा लें ये होम मेड क्रीम, जानें बनाने का तरीका



चेहरे पर पिंपल्स, दाग धब्बे होने की वजह से अधिकतर लड़कियां परेशान रहती हैं। अगर आपके चेहरे पर भी यही परेशानी देखने को मिल रही है, तो आप एक्सपर्ट के बताएं इस होममेड फेस क्रीम का इस्तेमाल कर सकती हैं।

इसके लिए आलू का रस, चावल का आटा,मलाई, एलोवेरा जेल और शहद इकट्ठा करने के बाद एक साफ बर्तन के अंदर चावल का आटा लेना है। इस आटे में आप आलू का रस, एलोवेरा जेल, मलाई और शहद इन सभी चीजों को बराबर मात्रा में मिलाकर अच्छी तरह पेस्ट तैयार कर लें। आप चाहें, तो इस पेस्ट में कुछ बूंद गुलाब जल की भी मिल सकती है। इस पेस्ट को अच्छी तरह फैट लें जब यह गधा हो जाए तब इसे 5 मिनट के लिए ढक कर रख दें। 5 मिनट के बाद आप इस क्रीम को एक डिब्बी में भरकर रख सकती हैं और रोजाना नहाने के बाद इसे अपने चेहरे पर लगा सकती हैं।

### होममेड क्रीम का इस्तेमाल

चेहरे के साथ-साथ आप इस क्रीम को अपनी गर्दन पर भी लगा सकती हैं। लेकिन ध्यान रहे आपको इस क्रीम का इस्तेमाल दिन भर में केवल एक से दो बार ही करना है। होममेड क्रीम का इस्तेमाल करने से पहले आप पैच टेस्ट जरूर करें। क्योंकि हर लड़की की स्किन का प्रकार अलग-अलग हो सकता है। ऐसे में कुछ लड़कियों के चेहरे पर संसेटिव स्किन होने की वजह से एलर्जी हो सकती है।

## इफ्तार की पार्टी में पेस्टल रंग के आउटफिट पहनकर बिखेरें जलवा

फैशन



इस साल ट्रेंड में हैं पेस्टल शेड्स, जो न केवल स्टाइलिश लगते हैं बल्कि गरिमामयी और शालीन भी दिखते हैं। अगर आप भी इफ्तार पार्टी में स्टाइलिश दिखना चाहती हैं, तो ये ट्रेंडी पेस्टल कलर आपके लिए परफेक्ट रहेंगे।

रमजान का पाक महीना चल रहा है। ऐसे में जगह-जगह इफ्तार पार्टियों का आयोजन हो रहा है। रमजान के दौरान इफ्तार पार्टी में सबसे खास होता है सादगी और एलीगेंस का कॉम्बिनेशन। इस साल ट्रेंड में हैं पेस्टल शेड्स, जो न केवल स्टाइलिश लगते हैं बल्कि गरिमामयी और शालीन भी दिखते हैं। तो अगर आप भी इफ्तार पार्टी में स्टाइलिश दिखना चाहते हैं, तो ये ट्रेंडी पेस्टल कलर आपके लिए परफेक्ट रहेंगे। यहां हम आपको कुछ ऐसे पेस्टल रंगों के बारे में बताने जा रहे हैं, जो इफ्तार पार्टी के लिए परफेक्ट हैं।

**पेस्टल पिंक :** यदि आप सॉफ्ट और एलिगेंट लुक कैरी करना चाहती हैं तो लड़कियां पेस्टल पिंक अनारकली या शरारा सेट पहन सकती हैं। वहीं लड़के पिंक कुर्ता-पायजामा या पिंक जैकेट के साथ व्हाइट कुर्ता ट्राई कर सकते हैं। लड़कियां अपने लुक को मिनिमल ज्वेलरी और सिल्वर मोजरी इस लुक को कंप्लीट करेंगी।

**बेज और पीच :** यदि आप रॉयल और ट्रेंडी लुक कैरी करना चाहती हैं तो हल्के बेज या पीच कलर के सूट, शरारा या गरारा बहुत क्लासी लगते हैं। लड़के बेज कुर्ता और नेहरू जैकेट के साथ परफेक्ट लुक पा सकते हैं। इसके साथ मैचिंग या कंट्रास्टिंग स्टोल कैरी करें।

**मिंट ग्रीन :** यदि फ्रेश और सोबर लुक कैरी करना है तो मिंट ग्रीन का चिकनकारी कुर्ता या शिफॉन साड़ी इफ्तार पार्टी के लिए बेस्ट ऑप्शन है। पुरुष मिंट ग्रीन कुर्ता पायजामा या इंडो-वेस्टर्न जैकेट ट्राई कर सकते हैं। इसके साथ महिलाएं गोल्डन या पर्ल एक्सेसरीज कैरी करें।



**लैवेंडर :** यदि स्टाइलिश लुक कैरी करना है तो लैवेंडर अनारकली, शरारा या साड़ी आपको बेहद खूबसूरत दिखाएंगे। लड़के चाहें तो लैवेंडर कुर्ता विद व्हाइट पायजामा पहन सकते हैं। सिल्वर और व्हाइट एंब्रॉयडरी इस लुक को और खास बना देगी।

**स्काई ब्लू :** कूल और ग्रेसफुल लुक के लिए हल्के नीले रंग का कुर्ता या लहंगा गर्मियों में आरामदायक भी रहता है और स्टाइलिश भी लगता है। स्काई ब्लू कुर्ते को व्हाइट पायजामा और जैकेट के साथ पेयर करें।

## स्पेशल डे पर अपने पार्टनर को गिफ्ट करें पायल, पैर दिखेंगे सुंदर

जब भी हम किसी स्पेशल डे का इंतजार करते हैं, तो अपने पार्टनर से गिफ्ट मिलने के लिए हमेशा एक्साइटेड रहते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि कुछ अच्छा मिलने वाला होता है। ऐसे में अगर आपका पार्टनर भी आपके उम्मीद लगाए बैठा है, तो उन्हें खुश करने के लिए पैरों में पहनने वाली पायल को गिफ्ट करें। इसमें आपको काफी सारे अच्छे डिजाइन के ऑप्शन मिल जाएंगे। जिसे पहनने के बाद आपके पार्टनर के पैर अच्छे नजर आएंगे। इस बार मोर डिजाइन पायल के अलग-अलग डिजाइन को ट्राई करें। इससे आपकी पार्टनर खुश हो जाएगा। चलिए आपको बताते हैं किस तरह की पायल डिजाइन को आप गिफ्ट कर सकते हैं।

**सिंपल मोर पायल डिजाइन :** अगर आपकी पार्टनर वर्किंग है, तो ऐसे में आप इन्हें रोजाना पहनने के लिए फोटो में नजर आने वाली पायल को गिफ्ट कर सकते हैं। इस तरह की पायल में पूरा डिजाइन प्लेन होगा। बस आपको मोर का डिजाइन एक ही तरह मिलेगा। इससे ये पायल और भी अच्छी लगेगी। साथ ही, सिंपल डिजाइन में होगी तो इसे पहनने के बाद आपके पैर और भी ज्यादा अच्छे लगेंगे।



### मोर पायल डिजाइन

अगर आपको चाहिए कि आपकी पूरी पायल में मोर का डिजाइन हो तो इसके लिए आप इस फोटो में नजर आने वाली पायल वाले डिजाइन को खरीदकर पैरों में पहन सकती हैं। इस तरह की पायल में आपको छोटे-छोटे मोर के डिजाइन मिलेंगे। इसमें आपको कलर भी मिलेगा। इसके साथ ही, नीचे की लटकन भी आपको कलरफुल डिजाइन में मिलेगी। इससे आपके पैर अच्छे लगेंगे। साथ ही, आप इसे फिर कभी भी वियर कर पाएंगी। इससे आपके पार्टनर के पैरों के साथ-साथ दिल भी खुश हो जाएगा। इसे आप चांदी या आर्टिफिशियल हर तरह के डिजाइन में खरीद सकती हैं।

## मोतियों की लड़ी और फूलों की बेल से सजाएं अपनी चोटी, देखें डिजाइंस

'काली तेरी चोटी है परांदा तेरा लाल नी', ये वाला गाना आपने सुना ही होगा। पहले के समय में बालों की सजावट के लिए फूलों के बाद परांदा ही एक विकल्प होता था। मगर अब वक्त। बदल चुका है। बालों की खूबसूरती के लिए और उन्हें आकर्षक बनाने के लिए कई तरह की हेयर एक्सेसरीज का इस्तेमाल किया जाता है। लेकिन जब बात पारंपरिक और ट्रेंडी हेयरस्टाइल की हो, तो चोटी को अलग-अलग तरीकों से सजाने का चलन आजकल देखा जा रहा है।

**मोतियों की लड़ी से सजी चोटी:** मोतियों का आकर्षण कभी भी कम नहीं होता। सफेद, गोल और चमकदार मोतियों से सजी चोटी किसी भी हेयरस्टाइल को ग्रेसफुल बना देती है। मोतियों की एक्सेसरीज कई तरह से इस्तेमाल की जा सकती हैं



**सिंपल मोती लड़ी चोटी:** यह उन महिलाओं के लिए परफेक्ट ऑप्शन है, जो अपनी चोटी को एलिगेंट और ग्रेसफुल बनाना चाहती हैं। इसमें चोटी के साथ एक पतली मोतियों की लड़ी को लपेटकर सजाया जाता है।

**हैवी पर्ल वेव चोटी:** इस स्टाइल में बालों को फ्रेंच ब्रेड या फिशटेल स्टाइल में गूंथकर बीच-बीच में मोतियों की लड़ी को सेट किया जाता है, जिससे एक वेवी और रॉयल लुक मिलता है।

**ब्राइडल पर्ल चोटी:** शादी के लिए मोतियों से सजी चोटी एक बेहतरीन विकल्प होती है। इसमें चोटी के साथ गोल्डन या सिल्वर पर्ल बीड्स का इस्तेमाल किया जाता है, जो हेवी ज्वेलरी और ट्रेडिशनल अटायर के साथ परफेक्ट लुक देती है।

**झूमर स्टाइल मोती एक्सेसरीज:** इस स्टाइल में चोटी के दोनों ओर झूमर जैसी मोतियों की लड़ी लगाई जाती है, जो जूड़े के साथ भी बेहतरीन दिखती है।

कार्नर न्यूज

### स्टाइल का नया नाम जिसे कैरी करना है आसान

# जिम जाना सिर्फ सेहत का मामला नहीं, फैशन में स्टाइल कर सकते हैं एथलेजर वियर

*एथलेजर वियर स्टाइल का वो नया नाम है, जो लुक को नए तरह से डिफाइन कर रहा है। इस स्टाइल में वो कपड़े शामिल होते हैं जो दो लुक का कॉम्बो होते हैं। एथलेजर वियर जिम में पहने जाने वाले वो कपड़े होते हैं, जो साथ में कैजुएल वाला लुक भी देते हैं। मतलब इन कपड़ों को आप जिम के साथ कैजुएल मौकों पर भी पहन सकते हैं। इन कपड़ों को बॉलीवुड स्टार्स ने तो दिल से स्वीकार कर लिया है लेकिन बाकी लोग अभी भी इसे पूरी तरह से अपना नहीं पाए हैं। इस स्टाइल को अपनाने के लिए आपको कुछ बातें ध्यान रखनी होंगी, तब आपके लिए इसे स्टाइल में शामिल करना आसान होगा।*



### स्टाइल भी आराम भी

ऐसा नहीं कि जिम वियर आरामदायक नहीं होते हैं। वो आरामदायक होते हैं लेकिन उन्हें आप कैजुअल वियर के तौर पर नहीं पहन सकते।एथलेजर वियर के साथ फायदा यह है कि इसे पहनकर आप कैजुअल मौकों पर भी स्टाइल में रह सकते हैं। इन कपड़ों में स्टाइल मिलेगा वो अलग। ये कपड़े आपको दो मौकों के लिए तैयार कर देते हैं, वो भी आराम और स्टाइल के साथ।

### तीन जरूरी प्वाइंट

एथलेजर वियर पहनने से पहले उससे जुड़े तीन प्वाइंट्स पर ध्यान देना चाहिए। क्योंकि यही तीन इसकी खासियतें भी होती हैं। ये तीन प्वाइंट निम्नलिखित हैं- मटेरियल फिट फंक्शनैलिटी

**कपड़ा आराम वाला :** एथलेजर वियर की खासियत इसका कपड़ा होता है, जो आरामदायक होने के साथ स्किन के लिए भी अच्छा होता है। इनमें अक्सर पॉलिएस्टर, नायलॉन, रेयॉन और स्पैंडेक्स जैसे फैब्रिक इस्तेमाल होते हैं।

### फिटिंग होगी कमाल

एथलेजर वियर पहनने के बाद फिटिंग की चिंता बिल्कुल न करें क्योंकि ये दूसरे जिम वियर के मुकाबले ज्यादा फिटिंग वाले होते हैं। कैजुएल वियरिंग के समय भी इनका लुक अच्छा आता है।

### सबसे अच्छी फंक्शनैलिटी

इन कपड़ों की खासियत फंक्शनैलिटी भी होती है। फंक्शनैलिटी से मतलब कपड़ों में मिलने वाली उस सुविधा से है, जिसके साथ आप इन कपड़ों को कहीं ज्यादा उपयोगी महसूस करते हैं।

जैसे एथलेजर वियर में बटन नहीं मिलेंगे बल्कि जिपर्स होंगे। इसके साथ इसमें इतनी पॉकेट मिलेंगी कि आप कहीं भी जाने से पहले इन्हें ही चुनेंगे।

### रिलेक्स्ड ऑकेजन के लिए बेस्ट

जिम में तो एथलेजर वियर पहने ही जाते हैं। इसके अलावा किन कैजुएल मौकों पर आप इन्हें पहन सकते हैं तो जवाब है सभी रिलेक्स्ड ऑकेजन पर।

वो मौके जब आप बिल्कुल रिलेक्स महसूस कर रहे हों।

### कौन-कौन से कपड़े एथलेजर वियर

सवाल यह भी उठता है कि एथलेजर वियर में किस तरह के कपड़ों को जोड़ा जा सकता है, जिनको पहनकर आपको एथलेजर लुक मिल जाएगा? तो इसकी लिस्ट भी तैयार है- बॉम्बर जैकेट क्रू नेक स्वेटर पोलो टी शर्ट कैजुअल ट्राउजर

### परफेक्ट स्टाइल के लिए मिक्स एंड मैच

एथलेजर लुक पाने के लिए मिक्स एंड मैच का नुस्खा खूब काम आता है। इसके बेस्ट लुक के लिए आपको अपनी वॉर्डरोब और एथलेटिक सामान को मिलाना होगा। इसका सबसे अच्छा उदाहरण है, बॉम्बर जैकेट के साथ जॉगर्स और चंकी स्नीकर्स का मेल कीजिए। इसके साथ कैप भी लगा लीजिए। आपका एथलेजर लुक तैयार हो जाएगा।